राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 85 पृष्ठः 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## भक्तों को हमेशा शुभ फल प्रदान करती है मां कालरात्रि



**नवरात्रि** के सातवें दिन मां कालरात्रि का पूजन किया जाएगा। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित होता है। ये दुष्टों का संहार करती हैं। इनका रूप देखने में अत्यंत भयंकर है परंतु ये अपने भक्तों को हमेशा शुभ फल प्रदान करती हैं, इसलिए इन्हें शुभंकरी भी कहा जाता है। इनका वर्ण काला है व तीन नेत्र हैं, मां के केश खुले हुए हैं और गले में मुंड की माला धारण करती हैं। ये गदर्भ (गधा) की सवारी करती हैं। इनके नाम का उच्चारण करने मात्र से बुरी शक्तियां भयभीत होकर भाग जाती हैं। भोग एक पौराणिक कथा के अनुसार, एक रक्तबीज नाम का राक्षस था। मनुष्य के साथ देवता भी इससे परेशान थे।रक्तबीज दानव की विशेषता यह थी कि जैसे ही उसके रक्त की बूंद धरती पर गिरती तो उसके जैसा एक और दानव बन जाता था।

# सड़क से लेकर संसद तक विपक्ष लामबंद

### लोकसभा में स्पीकर के मुंह के सामने काला कपड़ा लहराया, विपक्ष के ब्लैक प्रोटेस्ट में टीएमसी समेत 17 पार्टियां, सोनिया भी काले कपड़े पहनकर पहुंचीं

**विरोध**

**= एक सांसद तो लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के आसन तक पहुंच गया और काला कपड़ा लहराने लगा। यह देख स्पीकर सभा को स्थगित कर दिए**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राहुल** गांधी की सांसदी जाने और अडाणी मामले पर सोमवार को विपक्ष ने ब्लैक प्रोटेस्ट किया। इसमें 17 विपक्षी दल शामिल हुए। सोनिया गांधी भी काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचीं। उधर, लोकसभा में विपक्षी सांसदों ने भारी हंगामा किया। एक सांसद तो लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के आसन तक पहुंच गया और काला कपड़ा लहराने लगा। यह देख स्पीकर सभा को स्थगित कर चले गए। दरअसल, सुबह 11 बजे जैसे ही दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू हुई। विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। इससे राज्यसभा की कार्यवाही को 2 बजे तक और लोकसभा की कार्यवाही को 4 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। 2 बजे राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई, लेकिन हंगामे के चलते दिनभर के लिए स्थगित हो गई।

**कांग्रेस के प्रदर्शन में खड़गे काली पगड़ी में दिखे, बोले-लोकतंत्र के लिए काला अध्यायः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीट किया- 'लोकतंत्र के लिए "काला अध्याय" ! पहली बार सत्ता पक्ष संसद को ठप्प कर रहा है। क्यों? क्योंकि मोदी के परम मित्र के काले कारनामे उजागर हो रह हैं !

### 6 अप्रैल तक प्रस्तावित है बजट सत्र का दूसरा फेज

**सदन** में भाजपा राहुल गांधी से लंदन में दिए बयान पर माफी की मांग पर अड़ी हुई है। वहीं, हिंडनबर्ग-अडाणी मामले पर कांग्रेस की जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की मांग बरकरार है। बता दें कि बजट सत्र का दूसरा फेज 13 मार्च से शुरू हुआ था और यह 6 अप्रैल तक चलना प्रस्तावित है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता शुक्रवार को रद्द कर दी गई। वह केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य थे। लोकसभा सचिवालय से पत्र जारी कर इस बात की जानकारी दी गई है। मानहानि केस में सूरत की कोर्ट ने गुरुवार को उन्हें 2 साल की सजा सुनाई थी। राहुल गांधी ने 2019 में कर्नाटक की सभा में मोदी सरनेम को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था- सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है।

एकजुट विपक्ष जेपीसी की मांग पर कायम रहेगा।' खड़गे ने कहा, 'हम काले कपड़ों में क्यों आए हैं? हम दिखाना चाहते हैं कि पीएम मोदी इस देश में लोकतंत्र को खत्म कर रहे हैं। पहले उन्होंने स्वायत्त संस्थाओं को खत्म किया, इसके बाद जहां-जहां जिसने चुनाव जीता, उसे डरा-धमकाकर पीएम ने अपनी सरकार बनवाई। जो लोग उनके आगे नहीं झुके, उन्हें झुकाने के लिए ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल किया।'

### राहुल गांधी को दिया सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस

**नई दिल्ली।** लोकसभा आवास समिति ने सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को आवंटित सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस भेजा है। बंगला खाली करने के लिए राहुल को एक माह का समय दिया गया है। राहुल गांधी को 2004 में लोकसभा सांसद चुने जाने के बाद 12, तुगलक लेन बंगला आवंटित किया गया था। लोकसभा सचिवालय के डिप्टी सेक्रेटरी डॉ. मोहित राजन ने सोमवार को राहुल गांधी को आवास खाली करने के संबंध में नोटिस भेजा गया है। जारी अधिसूचना संख्या 21/4(3)/2023/ टीओ(बी) का हवाला देते हुए कहा गया है कि 23 मार्च 2023 से 17वीं लोकसभा की सदस्यता से आपकी अयोग्यता/समाप्ति के परिणामस्वरूप, मुझे यह निर्देश हुआ है कि आपको बंगला संख्या 12, तुगलक लेन अधिकतम एक महीने यानी 22.04.2023 तक की अवधि के लिए बनाए रखने की अनुमति है।

## 'क्वांटम कंप्यूटिंग आधारित दूरसंचार नेटवर्क का परिचालन शुरू'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश** का पहला क्वांटम कंप्यूटिंग आधारित दूरसंचार नेटवर्क का परिचालन शुरू हो चुका है। राजधानी दिल्ली के सीजीओ कॉम्प्लेक्स एनआईसी ऑफिस के लिए यह सर्विस शुरू की गई है। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ने सोमवार को बताया कि देश में क्वांटम कंप्यूटिंग आधारित पहला दूरसंचार नेटवर्क लिंक शुरू हो चुका है। वैष्णव पहले अंतरराष्ट्रीय क्वांटम एनक्वेल को संबोधित करते हुए यह बात कही। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में संचार भवन और सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र (एनआईसी) के बीच क्वांटम कम्युनिकेशन लिंक की शुरुआत हो गई है।

## कर्नाटक में येदियुरप्पा के घर पत्थरबाजी



**टीम एक्शन इंडिया/शिवमोगा**
**कर्नाटक** में सोमवार को आरक्षण के मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के घर पर पत्थरबाजी हुई। बंजारा और भोवी समुदाय के लोगों ने शिवमोगा में येदियुरप्पा के घर और दफ्तर के बाहर हिंसक विरोध प्रदर्शन किए। इसके बाद इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है। राज्य सरकार ने फैसला किया है कि शेड्यूल कास्ट (एससी) को मिलने वाले आरक्षण को इस वर्ग की अलग-अलग जातियों में बांट दिया जाएगा। बंजारा और भोवी समुदाय इसी का विरोध कर रहा है। उनका कहना है कि इससे उनके समुदाय के लोगों के साथ अन्याय होगा। बीएस येदियुरप्पा ने कहा, बंजारा समुदाय के नेताओं को गलतफहमी हुई है। मैं एक-दो दिन में उनसे बात करूंगा और उन्हें सीएम के पास भी लेकर जाऊंगा, जिससे उनकी शिकायतों का हल निकाला जा सके।

## बिल्किस केसः दोषियों की जल्द रिहाई के खिलाफ याचिका पर 'सुप्रीम' सुनवाई



**नई दिल्ली:** बिल्किस बानो मामले के 11 दोषियों की जल्द रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सामूहिक बलात्कार मामले में 11 दोषियों की सजा में छूट को चुनौती देने वाली बिल्कीस बानो की अपील पर कोर्ट ने केंद्र, गुजरात सरकार को नोटिस जारी किए। बता दें कि 2002 के गुजरात दंगों के दौरान 11 दोषियों ने बिल्किस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या की थी।
गुजरात सरकार ने 15 अगस्त 2022 को दोषियों को राहत देते हुए दोषियों को रिहा कर दिया था। इसके खिलाफ बिल्किस बानो ने फिर से सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है और याचिका दायर की। जिस पर आज सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा।

## उद्धव की राहुल को चेतावनी...तो गठबंधन तोड़ लूंगा



**नाराजगी जताई**

**= सावरकर हमारे भगवान हैं और उनका अपमान नहीं सहेंगे। सावरकर को नीचा दिखाने से विपक्षी गठबंधन में दरार पैदा होगी**

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**उद्धव** ठाकरे ने मालेगांव में एक कार्यक्रम के दौरान सावरकर पर राहुल के दिए जा रहे बयानों पर नाराजगी जताई है। उद्धव ने राहुल को चेतावनी देते हुए कहा- सावरकर हमारे भगवान हैं और हम उनका अपमान नहीं सहेंगे। सावरकर को नीचा दिखाने से विपक्षी गठबंधन में दरार पैदा होगी। सावरकर मेरे आदर्श हैं, इसलिए राहुल गांधी उनका अपमान करने से बचें। उद्धव ने कहा, 'सावरकर ने 14 साल तक अंडमान सेलुलर जेल में यातनाएं झेलीं। हम केवल पीड़ाओं को पढ़ सकते हैं। यह बलिदान का ही एक रूप है। हम सावरकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर राहुल गांधी सावरकर की निंदा करना नहीं छोड़ते हैं तो गठबंधन में दरार आएगी।' उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने राहुल गांधी के बयान पर कहा- "गलत बयान है। वे गांधी जरूर हैं, लेकिन उन्हें सावरकर का नाम घसीटने की जरूरत नहीं है। सावरकर हमारी प्रेरणा हैं। महाराष्ट्र में चल रही हमारी लड़ाई के पीछे छत्रपति शिवाजी महाराज और वीर सावरकर ही प्रेरणा हैं।

## गैंगस्टर अतीक अहमद प्रयागराज के नैनी जेल पहुंचा

**`सही सलामत पहुंचा**

**= अतीक को उमेश पाल के अपहरण के एक केस में प्रयागराज के स्पेशल एमपी/एमएलए कोर्ट में पेश किया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद/लखनऊ**
**उमेश** पाल मर्डर केस का आरोपी गैंगस्टर अतीक अहमद सोमवार शाम साढ़े 5 बजे प्रयागराज के नैनी जेल पहुंचा। अतीक का बेटा भी इसी जेल में बंद है। अतीक को उमेश पाल के अपहरण के एक केस में मंगलवार को प्रयागराज के स्पेशल एमपी/एमएलए कोर्ट में पेश किया जाएगा। उसके भाई को भी इसी केस में पुलिस बरेली से प्रयागराज लेकर आ रही है। इससे पहले 26 मार्च को सुबह यूपी एसटीएफ के अफसर और 30 हथियारबंद जवान अहमदाबाद पहुंचे और शाम 4 बजे तक गुजरात पुलिस से अतीक की कस्टडी ली। 5 बजकर 44 मिनट पर अतीक को साबरमती जेल से बहार लाया गया और उसे वैन में बैठा दिया गया। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उसने कहा कि 'यूपी एसटीएफ मेरी हत्या कर देगी।' उन्होंने बताया कि सुबह 7 बजे के आसपास जब काफिला एमपी के शिवपुरी में रोका गया तो अतीक को भी बाहर उतारा गया। उससे पूछा गया कि क्या आपको डर लग रहा है? तो गैंगस्टर बोला- किस बात का डर। एसटीएफ का काफिला अहमदाबाद से राजस्थान के उदयपुर-कोटा होते हुए मध्य प्रदेश में शिवपुरी के रास्ते सुबह 9 बजे के करीब उत्तर प्रदेश में दाखिल हुआ। अहमदाबाद से एसटीएफ रविवार शाम 6 बजे निकली थी, जो सोमवार शाम साढ़े 5 बजे प्रयागराज के नैनी जेल पहुंची। टीम ने 1300 किलोमीटर का सफर साढ़े 23 घंटे में पूरा किया। इस दौरान काफिला 7 जगह रुका। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अतीक ने 2006 में उमेश पाल को गन पॉइंट पर अगवा कर लिया था।

## महाराष्ट्र में फिर खुलने लगे कोविड वार्ड

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश में** कोरोना के एक्टिव मामलों की संख्या 10 हजार के पार चली गई है। पिछले 24 घंटों में 1,805 नए मरीज मिले। वहीं, 6 लोगों ने दम तोड़ दिया। इससे पहले शनिवार को 1,890 कोरोना केस मिले थे और 7 मौतें हुई थीं। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकडों के मुताबिक, एक्टिव केस बढ़कर 10,300 हो गया हैं, जो नवंबर के बाद सबसे ज्यादा केस है। इससे पहले 12 नवंबर को देश में 11084 एक्टिव केस दर्ज की गई थी। सबसे ज्यादा मामले महाराष्ट्र में मिल रहे हैं। यहां केसेस में बढ़ोतरी को देखते हुए टेस्टिंग बढ़ा दी गई है। मुंबई के कुछ प्राइवेट अस्पतालों में कोविड वार्ड खुलने लगे हैं। वहीं, सरकार ने भी सभी सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों को स्टैंडबाय मोड में रहने को कहा है। साथ ही लोगों से कोविड प्रोटोकॉल फॉलो करने के आदेश दिए हैं। अक्टूबर के बाद महाराष्ट्र में एक्टिव केस 2,000 से ज्यादाः महाराष्ट्र में अक्टूबर के बाद पहली बार एक्टिव केस 2,000 से ज्यादा दर्ज की गई। राज्य में पिछले 24 घंटे में 397 नए केस मिले, जो शनिवार के मुकाबले 40 कम है। शनिवार को राज्य में 437 संक्रमित मिले थे। जबकि 3 मरीजों की मौत हो गई थी।

## 'प्रदेश को 2025 से पूर्व मिले गंगा एक्सप्रेस-वे'




**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को शासन के उच्चाधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की और समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश को पूरब से पश्चिम को जोड़ने वाला गंगा एक्सप्रेस-वे 2025 में होने वाले कुम्भ से पूर्व बन जाना चाहिए। प्रदेश का यह अब तक का सबसे बड़ा एक्सप्रेस-वे होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य में तेजी की अपेक्षा है। हमारा लक्ष्य है कि प्रयागराज कुंभ 2025 से पूर्व मेरठ से प्रयागराज तक का यह एक्सप्रेस-वे आमजनता के लिए उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 समाप्त होने वाला है। ऐसे में मुख्य सचिव स्तर से राजस्व संग्रह की स्थिति की समीक्षा की जाए। आमजन की सुविधा का ध्यान रखते हुए राजस्व में बढ़ोतरी के नवीन प्रयास किए जाएं। विभागों को आवंटित बजट का समुचित और समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित किया जाए।
मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ ने कहा कि स्वामित्व, घरौनी और वरासत जैसे कार्यक्रमों ने आम जनमानस को बड़ी सुविधा प्रदान करने में सफलता प्राप्त की है। इनकी स्थिति की समीक्षा की जाए। अब तक 60 लाख से अधिक ग्रामीणों को घरौनी प्रदान की जा चुकी है।

**विकास कार्य** सड़कें हिमाचल की जीवनरेखाः 900 करोड़ की लागत से लठियाणी-मंदली ब्रिज की माँग प्रमुखता सेः अनुराग

## 'नये प्रोजेक्टों की जल्द मंजूरी के लिए आशान्वित'



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
**केंद्रीय** सूचना प्रसारण एवं खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के नेतृत्व में हिमाचल के सांसदों किशन कपूर, सुरेश कश्यप, इंदू गोस्वामी व सिकंदर कुमार व पूर्व मंत्री वीरेंद्र कँवर ने सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर नये प्रोजेक्टों के जल्द मंजूरी की माँग जिसमें 900 करोड़ की लागत से लठियाणी-मंदली ब्रिज की माँग प्रमुखता से की व सड़कों के रूप में पुरानी सभी सौगातों के लिए उनका आभार प्रकट किया। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा सीमित रेल और हवाई कनेक्टिविटी वाले हमारे पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश के लिए सड़कें जीवन रेखा का काम करती हैं। औद्योगिक व विकास की अन्य परियोजनाओं को गति देने , पर्यटन व राज्य के राजस्व को बढ़ाने के लिए सड़क सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। इसी के दृष्टिगत आज मैं हमारे हिमाचल के शिमला से सांसद श्री सुरेश कश्यप जी, काँगड़ा-चंबा से सांसद श्री किशन कपूर जी राज्यसभा सांसद सुश्री इंदू गोस्वामी व डॉ श्री सिकंदर कुमार जी व पूर्व मंत्री श्री वीरेंद्र कंवर जी के साथ केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी जी से मुलाकात कर नये प्रोजेक्टों की जल्द मंजूरी की माँग उनके सामने रखी। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी जी ने हमारी माँगों को गंभीरता से सुना व हिमाचल के हित में इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लेने का हमें आश्वासन दिया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा मेरे संसदीय क्षेत्र के कुटलैहड़ विधानसभा में एनएच 503 ए पर 36/0 किलोमीटर से लेकर 42/0 पर बिहड़ू से लठियाणी के बीच में बनने वाले मिसिंग लिंक व गोविंदसागर झील पर लठियाणी-मंदली ब्रिज लागत लगभग 900 करोड़ के निर्माण की मंजूरी ज़िला काँगड़ा में 0/0 से 15/600 रक्कड़-चपलाह-अपर भरोली-टिक्कर-शांतला रोड पर सुधार कार्यों के लिए 12.91 करोड़ रुपये की मंजूरी लिए अनुरोध किया।



दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

# आनंद शर्मा ने मुख्यमंत्री से भेंट की



टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने गत दिवस को ओक ओवर में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने आनंद शर्मा को हिमाचली टोपी और शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि देश में लोकतंत्र बचाने के लिए राहुल गांधी की निर्भीक मुहिम से केंद्र सरकार डर गई है और राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराने के निर्णय से उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों से लोगों को अवगत करवाने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाली। उन्होंने कहा कि देश में आने वाले चुनावों में जनता भाजपा को करारा जवाब देगी। उन्होंने लोकतंत्र बचाने के लिए सभी विपक्षी दलों से एकजुट होने का आग्रह भी किया। आनंद शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी को संसद में अपनी बात रखने का पूरा अधिकार हैए लेकिन केंद्र सरकार ने उन्हें सुनियोजित साजिश के तहत निशाना बनाया। आनंद शर्मा ने न्यायपालिका पर पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि निचली अदालत का निर्णय उच्च न्यायालय में नहीं टिक पाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस निर्णय के खिलाफ राजनीतिक और कानूनी लड़ाई लड़ेगी।

## हिमाचल दिवस की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी

उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने आज हिमाचल दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते कहा कि 15 अप्रेल को हिमाचल दिवस समारोह कुल्लू स्थित ढालपुर मैदान में आयोजित किया जायेगा।उपायुक्त ने कहा कि पुलिस, आईटीबीपी, एसएसबी, होमगार्ड तथा एनसीसी के कैडिटों द्वारा आयोजित भव्य परेड़ हिमाचल दिवस का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्थानीय शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों के अलावा जिले के सांस्कृतिक दलों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा।

उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को हिमाचल दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए उन्हें सौंपे गए कार्य सही प्रकार से समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।बैठक की कार्यवाही का संचालन सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी ने किया।

# पांवटा में चोर पकड़ने गई पुलिस पर हमला, आधा दर्जन लोग हिरासत में: डीएसपी

**8 पुलिस चोरी के एक मामले में आरोपियों को पकडने. लिए रामपुर घाट बंगाली बस्ती में पहुंची थी**



टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

पांवटा साहिब में चोर को पकडने. गए पुलिस जवानों पर हमला करने का मामला सामने आया है। इस दौरान रामपुर घाट की बस्ती में लोगों ने चोर को फ रार कर पुलिस जवानों पर पथराव कर दिया। पुलिस जानकारी के अनुसार रामपुरघाट में पुलिस के चार जवानों पर हमला किया गया है, जिसमें कुछ जवान घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस चोरी के एक मामले में आरोपियों को पकडने.लिए रामपुर घाट बंगाली बस्ती में पहुंची थी, जिसके बाद बस्ती के लोगों ने चोरी के आरोपी को फ रार कर दिया व पुलिस पर हमला कर दिया। पांवटा साहिब में बढ़ रही लगातार चोरी की वारदातों को देखते हुए पुलिस लगातार आरोपियों की धरपकड़ के लिए कार्रवाई कर रही है। ऐसे में रामपुर घाट की बंगाला बस्ती में सिविल ड्रेस में तीन पुलिसकर्मी शिनाख्त के लिए पहुंचे थेए जिसके बाद वहां पर मौजूद कथित महिलाओं ने इन पुलिसकर्मियों पर पत्थरों से हमला कर दिया। डीएसपी रामाकांत ठाकुर ने बताया कि पुलिस पर हमला करने वाले आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है, पुलिस कार्रवाई कर रही है।

## नगर निगम कार्यालय में अब तीसरी आंख का पहरा

टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री

नगर निगम मंडी कार्यालय अब सीसीटीवी कैमरे की नजर में रहेगा। कार्यालय परिसर में 6 सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर निगम के आयुक्त कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। नगर निगम के आयुक्त एचएस राणा ने बताया कि आने वाले दिनों में निगम के धरातल से लेकर उपरी मंजिल तक की सभी शाखाओं को भी सीसीटीवी कैमरे से लैस कर दिया जाएगा। इससे नगर निगम कार्यालय में आने वाले लोगों के साथ साथ कार्यालय के अलग अलग शाखाओं में कार्यरत कर्मचारियों के पर भी नजर रखी जाएगी।

# भारतीय प्रबंधन संस्थान धौलाकुंआ की भूमि पर न हो कोई अतिक्रमण: डीसी

**8 उपायुक्त ने आईआईएम के अधिकारियों को समूचे परिसर में चार दीवारी का कार्य जल्द से पूरा करने को कहा**



टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

सिरमौर जिला के धौलाकुंआ में निमार्णाधीन भारतीय प्रबंधन संस्थान आईआईएम के कार्य में प्रगति लाने के संबंध में उपायुक्त आरके गौतम की अध्यक्षता में उनके कार्यालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने आईआईएम के अधिकारियों को समूचे परिसर में चार दीवारी का कार्य जल्द से पूरा करने को कहा। उन्होंने परिसर का निर्माण युद्ध स्तर पर करने के भी निर्देश दिये। आरके गौतम ने कहा कि आईआईएम परिसर की भूमि अथवा आस-पास सरकार की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने इस संबंध में एसडीएम पांवटा साहिब तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत से रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने कहा कि आईआईएम एक महत्वाकांक्षी और देश के सर्वोत्तम संस्थानों में है जो आने वाले समय में सिरमौर जिला के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि परिसर की सुरक्षा और गरिमा के अनुरूप इसकी फेंन्सिग करना जरूरी है और यह कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने परिसर की भूमि पर किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को जल्द हटाने तथा इस संबंध में अंतिम रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने को कहा।उपायुक्त ने आईआईएम परिसर की 2.230 किलोमीटर सडक को आगामी 15 मई तक निर्माण करने के लिये लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिये। उन्होंने इस सडक पर पुल का निर्माण कार्य भी जल्द करने को कहा। उन्होंने अधिशाषी अभियंता को कहा कि सडक निर्माण में किसी प्रकार की बाधा आती है तो इस संबंध में एसडीएम से तुरंत संपर्क किया जाना चाहिए। अभियंताओं ने अवगत करवाया कि सडक का लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस सडक पर पुल व टारिंग के कार्य को सडक पूरी तैयार करने के तुरंत बाद कर लिया जाएगा।आईआईएम के परियोजना सलाहकार दिनकर हितेश ने संस्थान की भूमि पर अतिक्रमण, रास्तों व सडक निर्माण के मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि परिसर की चारदीवारी का कार्य जल्द आरंभ किया जाएगा।अतिरिक्त उपायुक्त मनेश कुमार यादव, एसडीएम पांवटा साहिब गुंजीत चीमा, आईआईएम के सीएओ पाणीग्राही, सहित आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जोगिंद्रनगर लघु शिवरात्रि मेला के लिए कलाकारों के ऑडिशन 28 व 29 मार्च को



टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय

1 से 5 अप्रैल तक मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर की सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए कलाकारों के ऑडिशन 28 व 29 मार्च को निर्धारित किये गए हैं। यह ऑडिशन मिनी सचिवालय परिसर के सभागार में प्रातः 11 बजे से सायं 3 बजे तक लिए जाएंगे। इस बारे जानकारी देते हुए मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने के इच्छुक कलाकार 28 व 29 मार्च को ऑडिशन में भाग ले सकते हैं। यह ऑडिशन मिनी सचिवालय परिसर के सभागार में प्रातः 11 बजे से सायं 3 बजे तक लिए जाएंगे। उन्होने बताया कि 28 मार्च को जोगिन्दर नगर सहित मंडी जिला जबकि 29 मार्च को अन्य जिलों के कलाकार ऑडिशन में भाग ले सकते हैं। एसडीएम ने बताया कि कलाकारों के ऑडिशन के लिए एक समिति गठित की गई है।

### बढ़ते कोरोना मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट



टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष

हिमाचल प्रदेश में लगातार बढ़ रहे कोरोना वायरस के मामलों को देखते हुए प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग ने भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया है इसको लेकर जिला के सबसे बड़े अस्पताल क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में भी स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है और अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को मास्क लगाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है इसके लिए अस्पताल में तैनात होमगार्ड के जवानों की ड्यूटी पर अस्पताल प्रशासन द्वारा लगाई गई है कि यदि कोई व्यक्ति मास्क नहीं लगाता है तो उसे इसके प्रति उन्हें जागरूक किया जाए।अस्पताल के एमएस डॉ एसएल वर्मा ने कहा कि पिछले दो महीनों पहले से इसी एडवाइजरी के तहत अस्पताल में कार्य किया जा रहा है और अस्पताल में मास्क लगाने के लिए लोगों को कहा जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब प्रदेश में फिर से बढ़ रहे कोरोना मामलो को लेकर उन्हें एडवाइजरी प्राप्त हुई है, जिसके तहत लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बता दें कि जिला सोलन में कोरोना संक्रमण के फिलहाल 61 मामले एक्टिव है जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग समय-समय पर उन पर नजर रख रहा है रोजाना स्वास्थ्य विभाग द्वारा 100 से अधिक सैंपल लिए जा रहे हैं और लोगों को भी इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है स्वास्थ्य विभाग कांटेक्ट ट्रेसिंग के माध्यम से कोरोना सैंपलिंग जिला में बढ़ा रहा है।

### टीचर खेल-खेल में कराएंगे नौनिहालों की पढ़ाई

टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री

हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी के शिक्षा खंड औट में निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षकों की पांच दिवसीय अध्यापक क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके दूसरे चरण में 44 अध्यापकों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दिले राम नेगी और केंद्रीय मुख्य शिक्षक प्रेम सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर खंड स्त्रोत समन्वयक प्राथमिक समग्र शिक्षा औट मोहन सिंह सकलानी ने अध्यापकों को निपुण भारत और निपुण हिमाचल के प्रमुख लक्ष्यों और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों को भाषा और गणित का आधारभूत संक्रियाओं को सीखने की खेल-खेल व व्यावहारिक ज्ञान के माध्यम से निपुण बनाने के बारे विस्तार से जानकारी दी।स्त्रोत व्यक्ति नीरज सकलानी, रश्मि गोयल, गिरीश कुमार और मोहन सिंह सकलानी ने अध्यापकों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। निपुण भारत के लक्ष्य को 2026-27 तक पूरा करने का प्रण लिया गया।

## वाकनाघाट में एनएच किनारे चल रहे शराब के ठेके को शिफ्ट करने की मांग को लेकर डीसी से मिले स्थानीय ग्रामीण



टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष

सोलन जिला के वाकनाघाट में एनएच किनारे बस स्टॉप पर शराब का ठेका खुलने से महिलाएं नाराज है। महिलाओं के साथ स्थानीय लोगों ने यहां से ठेका कहीं दूसरी जगह शिफ्ट करने को लेकर सोमवार को डीसी सोलन कृतिका कुलहरी को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान महिलाओं ने कहा कि हाईवे शराब का ठेका खुलने से महिलाओं को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी नीलम ने कहा कि अभी पिछले कुछ समय से वाकनाघाट में शराब का ठेका बस स्टॉप पर खोल दिया गया है। यहां से लोगों की लगातार आवाजाही रहती है, परिणाम सुबह स्कूली बच्चे भी यहां से गुजरते हैं जिससे उन पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ठेके के बाहर लगातार लोग शराब पीकर पड़े रहते हैं जिससे महिलाओं का यहां से गुजरना और यहां खड़ा होना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि इस जगह से शराब के ठेके को कहीं दूसरी जगह शिफ्ट किया जाए। बता दें कि 3 महीने पहले वाकनाघाट चौक से शराब के ठेके को एनएच किनारे शिफ्ट किया गया था जिसकी वजह से बस स्टॉप होने के कारण वहां पर लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आने जाने वाले लोग कई बार इसकी शिकायत पुलिस को भी दे चुके हैं, लेकिन इस पर कोई भी संज्ञान नहीं लिया गया है। इस मामले को लेकर अब सोलन में ग्रामीणों ने डीसी को ज्ञापन दिया। डीसी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि एक्साइज विभाग से रिपोर्ट आने के बाद इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## संजना लांबा की कैलीग्राफी लोगों की पहली पंसद

टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री

मंडी की इंदिरा मार्किट की छत पर सजा पारम्परिक व्यंजनों व पारंपरिक हस्तशिल्प मेले में असाम की संजना लांबा की कैलीग्राफी लोगों की पहली पंसद बनी हुई हैं।जिसकी नजर भी संजना की कैलीग्राफी में जाती हैं तो वह वहीं रूक जाता हैं। संजना लांबा बतातीी हैं कि उनका बचपन से पेंटिग का शौक था पर उनको ज्यादा रूचि कैलीग्राफी में थी। संजना पिछले 4 वर्षों से मंडी में ही रहती हैं और यही से पढ़ाई कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में उन्होनें अपने हुनर को आजमाया और आज वह उस मुकाम तक पहुंच चुकी हैं कि अपनी आजिविका भी कमा सकती हैं।

# टौंस नदी में डूबा उत्तराखंड का 19 वर्षीय युवक

**8 मृतक की पहचान हिमांशु पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी कालसी उत्तराखंड के तौर पर हुई है**



टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब में हिमाचल-उत्तराखंड की सीमा पर टौंस नदी में उत्तराखंड के 19 वर्षीय युवक के डूबने से मौत हो गई।

मृतक की पहचान हिमांशु पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी कालसी उत्तराखंड के तौर पर हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही सीआरपीसी की धारा 174 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई है।जानकारी के मुताबिक, हिमांशु अपने दोस्तों के साथ खोदरी माजरी के पास नदी में नहाने के लिए गया हुआ था। इस दौरान नहाते हुए अचानक ही वह गहरे पानी में डूब गया। जिसके बाद उसके साथ मौजूद उसके दोस्त डर कर वहां से भाग गए।जब वहां से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने उसका शव खोदरी माजरी में सूखी जगह पर पड़ा हुआ देखा तो उसने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर वहां मौजूद लोगों के बयान दर्ज किए।

# प्रस्तावित तहसीलदार कार्यालय भूमि उपलब्ध करवाने में नाकाम



टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

जिला प्रशासन द्वारा पिछले एक साल से तहसीलदार कार्यालय के पुराने भवन वाली भूमि निर्माण के लिए उपलब्ध करवाने में नाकाम रहने के बाद लोक निर्माण विभाग ने पौने दो करोड़ का टैंडर रद्द कर दिया है।

लोक निर्माण विभाग ने तहसीलदार कार्यालय के लिए पौने दो करोड़ की लागत वाले बनने वाली तहसीलदार कार्यालय की बहुमंजिला इमारत के लिए करीब एक साल पहले किया टेंडर रद्द कर दिया है। विभाग के अनुसार जिला प्रशासन पिछले एक साल से विभाग को निर्माण कार्य के भूमि उपलब्ध नहीं करवा पाया है। विभाग ने संबंधित ठेकेदार को लिखित रूप से टैंडर रद्द करने की सूचना उपलब्ध करवा दी है। गौरतलब है कि तहसीलदार कार्यालय की पुरानी इमारत जर्जर हालत में है। सालों से इस इमारत में दरारे पड़ी हैं। बरसात में पानी टपकता है। सालों पहले बरसात के चलते यहां के रिकॉर्ड का रिकॉर्ड भी ध्वस्त हो चुका है। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन को निर्माण से पहले, वर्तमान में चल रहे तहसीलदार कार्यालय को शिफ्ट करने के लिए कुछ उचित इमारत नहीं मिली जिसके चलते ठेकेदार को जर्जर भवन सौंपा नहीं जा सका। पिछले एक साल से तहसीलदार कार्यालय इन निर्माण के लिए पुराना भवन विभाग को सौंपा नहीं गया। ऐसे में पौने दो करोड़ के टेंडर को रद्द करने के अलावा कोई चारा नहीं बचा था। क्योंकि जैसे देरी हो रही है। वैसे-वैसे विभाग पर ठेकेदार की लायबिलिटी बढती। भविष्य में जैसे ही जिला प्रशासन तहसीलदार कार्यालय के लिए परानी इमारत सौंपेगा तभी नया टेंडर किया जाएगा।

# केंद्रीय सरकार की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध कांग्रेस का हल्ला बोल



टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद

अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की ससंद से सदस्यता रद्द करने के विरुद्ध सोमवार को चम्बा जिला मुख्यालय मे कांग्रेस पार्टी द्वारा हल्ला बोल किया गया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चम्बा, कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, युकां अल्पसंख्यक कांग्रेस, कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग, कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जनजाति विभाग, इंटक, राजीव गांधी पंचायती राज विभाग, लीगल सैल सहित विभिन्न फ्रंटियर सगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने जमकर केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी चम्बा के कार्यकारी अध्यक्ष कमल सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार राहुल गांधी की लोकप्रियता से भयभीत हो गई है इसलिए राहुल गांधी की सदस्यता को समाप्त करके विपक्ष पर दबाव बनाने का षड्यंत्र रचा गया। उन्होंने कहा की यह अनैतिकता की पराकाष्ठा है। वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चम्बा के अध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी सदस्यता का रद्द किया जाना लोकतंत्र की हत्या के समान है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 9 वर्षों के लम्बे कार्यकाल मे आम जनता को सिर्फ झूठे वायदों के अलावा कुछ भी हासिल नहीं हुआ है, लेकिन दूसरी ओर अडानी व अंबानी जैसे औद्योगिक घरानों की सम्पत्ति मे मोदी सरकार के प्रसाद पर्यंत चौगुना वृद्धि हुई है। इस हल्ला बोल धरना प्रदर्शन के दौरान जिला प्रवक्ता जगदीश हाण्डा, महासचिव नरेश राणा, अल्पसंख्यक कांग्रेस राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष लियाकत अली, सेवादल पूर्व अध्यक्ष अब्दुल गनी, महासचिव दीपक कुमार, उपाध्यक्ष जीवन सलारिया, सहित आदि मौजूद रहे।

# उपमुख्यमंत्री ने काली माता मंदिर में की पूजा



टीम एक्शन इंडिया/शिमला

उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज शिमला जिला के भराड़ी के समीप काली माता मंदिर पधाई में पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री के साथ उनकी धर्मपत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री और बेटी आस्था अग्निहोत्री भी थी। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर उन्हें माता के दरबार आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने इस पावन अवसर पर प्रदेश के लोगों की सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना भी की।

# कांग्रेस के लोग ही नहीं चाहते राहुल के हाथ रहे कमानः गोविंद सिंह ठाकुर

## कहा–राहुल की सदस्यता संवैधानिक व कानून के आधार पर हुई है रद्द

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
राहुल की सदस्यता संवैधानिक व कानूनी प्रक्रिया से खारिज हुई है और केंद्र की सरकार पर आरोप लगाना गलत है। यह बात पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने यहां प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के लोग ही नहीं चाहते हैं कि राहुल गांधी के हाथ कमान रहे। उन्होंने कहा कि पवन खेड़ा के मामले में कांग्रेस 15 मिनट बाद ही सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी लेकिन राहुल गांधी के मामले में कांग्रेस न तो हाईकोर्ट गई और न ही सुप्रीम कोर्ट गई। इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस ही




नहीं चाहती कि राहुल के हाथ कमान रहे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस भाजपा पर आरोप लगा रही है जबकि सत्य यह है कि यह एक न्यायिक व संवैधानिक प्रक्रिया है। वर्ष 2013 में लिली थॉमस मामले में यह जजमेंट आई थी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने तेली समाज और ओबीसी का अपमान किया है यह न्यायालय ने कहा है इसलिए उन्हें दो वर्ष की सजा मिली है। यही नहीं न्यायालय ने उन्हें माफी मांगने को कहा था लेकिन राहुल गांधी अंहकारी है और उन्होंने माफ ी मांगने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि उनमें इतना घमंड है कि उन्होंने कहा कि मैं राहुल गांधी हूँ वीर सावरकर नहीं। उन्होंने कहा कि वो भूल गए कि इंदिरा गांधी ने वीर सावरकर के नाम डाक टिकट तक जारी किए थे। उन्होंने कहा कि चौकीदार चोर है मामले में भी वे कोर्ट में माफी मांग चुके हैं। उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल 2019 को उन्होंने कहा कि सभी मोदी चोर है। उसके बाद राहुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी मर्चेंट आफ डेथ है। उन्होंने कहा है कि राहुल की यह आदत बन गई है। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी सीरियल ऑफेंडर है और वे बार-बार इस तरह के बयान बार-बार देते हैं। राफेल मामले में भी राहुल गांधी सुप्रीम कोर्ट से माफी मांग चुके हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को जो सजा मिली है उसमें केंद्र की सरकार व भाजपा पर दोष नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यह आदत बन गई है और पहले भी वे सुप्रीम कोर्ट से ऐसे मामले में माफी मांग चुके हैं। उन्हें कहा गया था कि भविष्य में ऐसी टिपणी न करें लेकिन वे आदत से मजबूर है। उनके साथ इस दौरान पूर्व प्रत्याशी नरोत्तम ठाकुर, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित सूद, गौरव भारद्वाज आदि भी उपस्थित रहे।

# गवर्निंग बॉडी की वार्षिक बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
जिला आयुर्वेदिक अस्पताल कुल्लू की रोगी कल्याण समिति की गवर्निंग बॉडी की वार्षिक बैठक आज उपायुक्त एवं रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष आशुतोष गर्ग की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वित्त वर्ष 2022-23 के संशोधित बजट अनुमान के साथ वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अनुमानित बजट पारित किया गया।उपायुक्त ने बताया कि वित्त वर्ष 2022- 23 के लिए कुल 20 लाख 34 हजार रुपये के संशोधित बजट को मंजूरी प्रदान की गई। तथा वर्ष 2023-24 के लिए 22 लाख 21 हजार का अनुमानित बजट पारित किया गया है जो गत वर्ष के बजट से लगभग एक लाख 87 हजार रुपये अधिक है। यह राशि आयुष विभाग की रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर खर्च की जाएगी।

उपायुक्त ने आरकेएस की बैठक की अध्यक्षता करते बताया कि जिले में आयुष विभाग के जिला अस्पताल के अलावा भेखली, बन्दरोल, बरुआ, हरिपुर, कटराई, बंजार सहित कुल 13 केंद्रों में पंचकर्म चिकित्सा पद्धति सुविधा आरम्भ की गई है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में जिला आयुष अस्पताल कुल्लू में क्षारसूत्र विधि के द्वारा उपचार आरम्भ किया जायेगा।



उपायुक्त ने जानकारी दी कि अगले वित्त वर्ष के बजट प्रस्ताव में लिफ्ट का वार्षिक शुल्क व अस्पताल भवन की मुरम्मत के व्यय लिए 2 लाख 50 हजार रुपये, लांड्री के व्यय हेतु 25 हजार रुपये, प्रिंटिंग के व्यय के लिए 25 हजार, बॉयोमेडिकल अपशिष्ट तथा पॉलीबैग की खरीद के लिए एक लाख का प्रावधान किया गया है। पंचकर्म के लिए एलपीजी सिलिंडर भरने के लिए दस हजार, वार्षिक ऑडिट शुल्क के लिए 25 हजार, फ र्नीचर की खरीद व मुरम्मत हेतु 50 हजार, बैठक व्यय 15 हजार, ओपीडी, आईपीडी के लिए उपकरणों की खरीद पर 40 हजार का राशि का बजट पारित किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नागराज पंवार, जिला कल्याण अधिकारी समीर, जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा कुमारी, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद बीआर नेगी सहित समिति के विभिन्न सदस्य उपस्थित रहे।

# अग्निवीर वायु भर्ती की परीक्षा 20 मई से

## आवेदन करने के अंतिम तिथि 31 मार्च, 2023

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**
भारतीय वायु सेना ने पात्र युवाओं से आग्रह किया है कि वायु सेना में अग्निवीरवायु की भर्ती के लिए 31 मार्च,2023 की निर्धारित तिथि तक सांय 5 बजे से पूर्व आवेदन करें। भारतीय वायु सेना के एयरमेन चयन केन्द्र के विंग कमांडर आशीष दुबे ने कहा कि अग्निवीरवायु की भर्ती के लिए पात्र युवा वेब पोर्टल पर पंजीकरण करवा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि अग्निवीरवायु की भर्ती के लिए युवाओं का जन्म 26 दिसम्बर, 2002 से लेकर 26 जून, 2006 के मध्य होना चाहिए। 26 दिसम्बर, 2002 तथा 26 जून, 2006 को जन्मे युवा भी भर्ती के लिए पात्र होंगे।उन्होंने कहा कि इस भर्ती के लिए उम्मीदवार या तो गणित, भौतिक विज्ञान तथा अंग्रेजी विषयों में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक तथा अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक के साथ दस जमा 02 अथवा समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवार द्वारा यह परीक्षा काउंसिल ऑफ बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन के साथ सूचिबद्ध शिक्षा बोर्ड से उत्तीर्ण होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाईल, कम्प्यूटर साईंस, इस्ट्रूमेंटेशन टेकनोलॉजी अथवा इनफॉरमेशन टेकनोलॉजी इंजीनियरिंग विषयों में किसी सरकारी मान्यता प्राप्त पॉलीटेकनिक संस्थान से तीन वर्ष



का डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीण उम्मीदवार भी भर्ती के लिए पात्र हैं। इस डिप्लोमा पाठ्यक्रम में उम्मीदवार 50 प्रतिशत कुल अंकों तथा अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीण होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि डिप्लोमा पाठ्यक्रम में अंग्रेजी विषय न होने की स्थिति में इंटरमिजीएट या 10वीं कक्षा में अंग्रेजी विषय में उत्तीण होना आवश्यक है।आशीष दुबे ने कहा कि इसके अतिरिक्त काउंसिल ऑफ बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन के साथ सूचिबद्ध राज्य शिक्षा बोर्ड अथवा परिषद से भौतिक विज्ञान एवं गणित के साथ दो वर्षीय वोकेशलन कोर्स कुल 50 प्रतिशत अंक तथा अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीण करने वाले छात्र भी अग्निवीरवायु भर्ती के लिए पात्र हैं। उन्होंने कहा कि वोकेशलन कोर्स में अंग्रेजी विषय न होने की स्थिति में इंटरमिजीएट या 10वीं कक्षा में अंग्रेजी विषय में उत्तीण होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विज्ञान विषयों के अतिरिक्त किसी भी वर्ग अथवा विषय में काउसिंल ऑफ बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन के साथ सूचिबद्ध केन्द्रीय अथवा राज्य शिक्षा बोर्ड से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक तथा अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक के साथ दस जमा 02 या समकक्ष परीक्षा उत्तीण करने वाले उम्मीदवार भी पात्र है।उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त काउसिंल ऑफ बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन के साथ सूचिबद्ध शिक्षा बोर्ड से दो वर्षीय वोकेशलन कोर्स कुल 50 प्रतिशत अंक तथा अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीण करने वाले छात्र भी अग्निवीरवायु भर्ती के लिए पात्र हैं। उन्होंने कहा कि वोकेशलन कोर्स में अंग्रेजी विषय न होने की स्थिति में इंटरमिजीएट या 10वीं कक्षा में अंग्रेजी विषय में उत्तीण होना आवश्यक है।उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा के लिए पंजीकरण एवं परीक्षा शुल्क 250 रुपये निर्धारित किया गया है।उन्होंने कहा कि परीक्षा 20 मई,2023 से ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। अधिक जानकारी पर प्राप्त की जा सकती है।

# किन्नु में जमीनी विवाद के चलते मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
उपमंडल अंब के किन्नु में जमीनी विवाद के चलते दो गुटों में मारपीट हुई है। पुलिस ने घटना के संबंध में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। मामले को लेकर पुलिस ने शिकायत के बाद आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार उपमंडल अंब के गांव किन्नु में दो गुटों में जमीनी विवाद के चलते मारपीट हुई है। विवाद के चलते रोहित कुमार ने शालु निवासी किन्नु को गाली गालौच व जान से मारने की धमकी दी है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# क्षय रोग संबंधी जानकारी टीबी आरोग्य साथी ऐप पर भी उपलब्ध

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
उपमंडल अधिकारी नागरिक केलांग रजनीश शर्मा ने कहा कि जिला में क्षय रोग के उन्मूलन को लेकर संस्थागत गतिविधियों के प्रभावशाली क्रियान्वयन में आयुष विभाग के साथ पंचायती राज प्रतिनिधियों व गैर सरकारी संगठनों की भी सक्रिय जन सहभागिता सुनिश्चित बनाएं। एसडीएम केलांग ने यह निर्देश आज उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय क्षय रोग उन्मूलन समिति एजिला टीबी फ ोरम व राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। परिवार एवं स्वास्थ्य कल्याण विभाग द्वारा जिला में



क्षय रोग उन्मूलन के लिए उठाए जा रहे आवश्यक कदमों की समीक्षा करते हुए उन्होंने ने प्रभावी टेस्टिंग और जागरूकता गतिविधियों को बढ़ाने के साथ विशेष कार्य योजना के तहत कार्य करने व टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिला में निर्धारित किए गए लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी रोगियों की सहायता के लिए निःक्षय मित्र बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों और गैर सरकारी संगठनों के लक्ष्य भी निर्धारित किए।उन्होंने बताया कि निरूक्षय मित्र बनकर रोगियों के लिए पोषण किट देकर और जांच व रोजगार से जुड़ी मदद कर अपना सहयोग दें।उन्होंने कहा कि क्षय रोग से संबंधित जानकारी के लिए 'टीबी आरोग्य साथीइ ऐप को डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त टोल फ्री हेल्पलाइन 1800116666 और 01900202806 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जिला क्षय रोग नियंत्रणअधिकारी डॉ. जगदीश चन्द ने बताया कि सामान्य क्षय रोगी को अपने पोषण के लिए इलाज की अवधि के दौरान हर महीने 500 रुपए की राशि व 750 रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में दिए जाते हैं। जबकि एमडीआर रोगी के लिए यह राशि 1500 रुपए है तथा इस राशि को सीधे रोगी के बैंक खाते में ट्रांसफर किया जाता है।

# वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र खोलने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद का प्रतिनिधिमंडल जिला प्रधान रनपत सिंह राणा की अगुवाई में जिलाधीश से मिला और मंडी में वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र खोलने की मांग की। इससे संबंधित ज्ञापन जिला प्रशासन को दिया गया।यह निर्णय वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद मंडी की सदर इकाई की कार्यकारिणी की बैठक में प्रधान डॉ. अशोक अवस्थी की अध्यक्षता में लिया गया था। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रेस सचिव ध्रूव मल्होत्रा ने बताया कि इस बैठक में मंडी शहर और



वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। वरिष्ठ नागरिक परिषद की कार्यकारिणी ने प्रधान और अन्य सदस्यों के द्वारा राज्य स्तरीय परिषद के गठन हेतु किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। सभा में जिला प्रधान रणपत राणाए सचिव उमेश शर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान शमशेर मिन्हास, वाई एन वैद्य, टीएन वैद्य तथा घनश्याम सेन इत्यादि विशेष रूप से मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के बाद पड्डल मैदान में लगे कूड़े कचरे के ढेर



**टीम एक्शन इंडिया/मडी/खेमचंद शास्त्री**
अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के बाद पड्डल मैदान में जगह-जगह कूड़े के ढेर लोगों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। पड्डल मैदान के मुख्य द्वार से ही गंदगी का आलम शुरू हो जाता हैं।

खेल प्रेमी कमल किशोर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के बाद पड्डल मैदान पूरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया है और जगह जगह पर गंदगी का आलम है उन्होंने कहा कि पड्डल मैदान को 4 दिन पहले व्यापारियों ने खाली कर दिया है परंतु उसके बाद आज दिन तक यहां पर गंदगी का आलम हैं। उन्होंने नगर निगम सहित जिला प्रशासन से पड्डल मैदान से जल्द गंदगी उठाने का आग्रह किया है तथा समाजसेवी संस्थाओं से भी यहां पर श्रमदान कर पड्डल मैदान स्वच्छ और सुंदर बन सके और पहले की भांति यहां पर खेल गतिविधियां आयोजित हो सके।

पड्डल मैदान में फैली गंदगी को लेकर नगर निगम के आयुक्त एचएस राणा ने कहा कि बारिश के चलते पड्डल मैदान में सफाई व्यवस्था को लेकर देरी हुई है और जो अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में जिस ठेकेदार के पास सफाई का टेंडर था वह बीच में ही छोड़ कर जा चुका है जिसको लेकर भी नगर निगम जांच कर रही है और आगामी 3 दिनों में पड्डल मैदान को साफ और सुंदर बनाया जाएगा इसको लेकर मैदान में अतिरिक्त सफाई कर्मचारी तैनात किए गए हैं जो युद्ध स्तर पर इस कार्य को अंजाम दे रहे हैं।

# टकारला में ट्यूबबैल की पाईप चोरी, दो पर आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
थाना अंब के तहत टकारला में एक व्यक्ति ने दो लोगों पर ट्यूबबैल पाईप चोरी के आरोप लगाए है।

व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने एक महिला समेत दो लोगों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में कुलभूषण कुमार निवासी टकारला ने बताया कि उसने अपनी 80 कनाल भूमि में आलू की फसल लगायी है।

# रोघी में महिलाओं को दी मोटे अनाज के लाभों की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**
देश व प्रदेश सहित किन्नौर जिला में भी 20 मार्च से 3 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत आज कल्पा विकास खण्ड की रोघी ग्राम पंचायत में महिला एवं बाल विकास विभाग किन्नौर द्वारा एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय महिलाओं व आंगनबाड़ी कार्यकताओं को मोटे अनाज जैसे कोदा, कावनी, रागी, फ फ रा, ओगला से होने वाले लाभों के बारे जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद कुमार गौतम ने बताया कि पोषण पखवाड़ा के तहत विभाग द्वारा समस्त जिला किन्नौर में लोगों को



आहार में मोटे अनाजों को शामिल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है तथा कृषि विभाग के विशेषज्ञों द्वारा लोगों को मोटे अनाजों की गुणवत्ता व लाभ बारे जानकारी प्रदान की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के डॉ. विद्या नेगी ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को मोटे अनाजों के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि इन आनाजों में सभी आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं तथा यह हमारी दैनिक कैलोरी की मात्रा को पूरा करने के साथ-साथ रक्तचाप, मधुमेह आदि बीमारियों से भी दूर रखते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पोषण पखवाड़ा का मुख्य केंद्र बिंदु कुपोषण को दूर करने के लिए मोटे अनाजों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना है। उन्होंने इस दौरान उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकताओं और महिलाओं से आग्रह किया कि वे अन्य ग्रामवासियों को भी मोटे अनाज का उपयोग अधिक से अधिक करने के लिए प्रेरित करें।इस अवसर पर रोघी ग्राम पंचायत प्रधान रतन मंजरी, जिला कृषि अधिकारी ओपी बंसल, मृदा परीक्षण अधिकारी रूप लाल, बाल विकास संरक्षण अधिकारी कल्पा सुभद्रा, परियोजना सहायक आरजू सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मनाली विधानसभा कांग्रेस द्वारा पतलिकुहल में सत्याग्रह और हल्ला बोल का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
मनाली विधानसभा कांग्रेस द्वारा पतलिकुहल में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सांसदी छीने जाने पर सत्याग्रह और हल्ला बोल का आयोजन किया। इस में मनाली कांग्रेस के सैंकड़ों कांग्रेस जन ने हिस्सा लिया। मनाली कांग्रेस द्वारा अध्यक्ष हरी चंद शर्मा के नेतृत्व में पतलिकुहल पार्क के दो घंटे तक सत्याग्रह किया गया और उसके बाद हल्ला बोल कार्यक्रम के अंतर्गत मनाली कांग्रेस द्वारा पतलिकुहल में रैली निकाली गई। केन्द्र सरकार के खिलाफ खुब नारेबाजी की गई। मनाली कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा की केंद्र की भाजपा सरकार




राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गई है जिस वजह से किसी भी तरह राहुल गांधी के ऊपर कार्यवाही की जा रही है उन्होंने कहा की बयानों की बात की जाए तो भाजपा के नेताओं पर सबसे ज्यादा केस होने चाहिए। उन्होंने कहा की कांग्रेस नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के दोस्त अडानी पर सवाल उठाने की सजा असल में दी गई। मनाली कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा की केंद्र सरकार न्यायालय व्यवस्था पर पूरी तरह से काबिज हो गई है। शर्मा ने कहा की पूरी कांग्रेस और विपक्ष राहुल गांधी के साथ है। सत्याग्रह और हल्ला बोल में हिमाचल कांग्रेस सचिव देवेंद्र नेगी,हिमाचल कांग्रेस सदस्य नवीन तंवर, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस महासचिव निहाल ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेसी प्रेम शर्मा, कुल्लू जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य अरुणा ठाकुर, कुल्लू जिला अनुसूचित जनजाति अध्यक्ष सतीश चंद, कुल्लू जिला कांग्रेस पंचायती राज अध्यक्ष चंद्रसेन ठाकुर, मनाली कांग्रेस उपाध्यक्ष राजीव ठाकुर, शहरी कांग्रेस अध्यक्ष तारु नेगी, मनाली कांग्रेस अनुसूचित जनजाति अध्यक्ष प्रेम लाल, मनाली शहरी कांग्रेस महिला कांग्रेस अध्यक्ष रानू, मनाली कांग्रेस अनुसूचित जाति अध्यक्ष पुने राम, मनाली कांग्रेस उपाध्यक्ष कमनाथ, सुख राम, हंस राज मनाली कांग्रेस महासचिव रोशन लाल शर्मा, जिला कांग्रेस महासचिव मोहिंदर राणा महासचिव हीरा लाल भारद्वाज, मनाली कांग्रेस महासचिव दिनेश ठाकुर, नेस राम कायस्थ,सहित आदि उपस्थित रहे।

# स्वयं सहायता समूह को भेंट की मशीन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
वन मंडल मंडी में जाईका वानिकी परियोजना के तहत उपप अरण्यपाल वन मंडल मंडी वासू डोगर ने ग्राम पंचायत घ्राण के बिहनधार 1 के पत्ता प्लेट स्वयं सहायता समूह को उनकी चुनी हुए आजीविका सुधार गतिविधि के तहत पत्तल प्लेट मशीन को समूह के सदस्यों को प्रदान किया। इसके बाद उपप अरण्यपाल मंडी वन मंडल ने जाईका वानिकी परियोजना के तहत ही स्वयं सहायता समूहों को पाइन सुई हस्त कला में दिए जा रहे प्रशिक्षण और स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के द्वारा तैयारर किये उत्पादों को



देखा। यह पाइन सुई हस्त कला का पांच दिवसीय कौशल आधारित प्रशिक्षण 23 से 27 मार्च तक हुआ। यह पांच दिवसीय कौशल आधारित प्रशिक्षण शिविर मंडी वन मंडल के वन परिक्षेत्र कटौला की ग्राम पंचायत नवलाय की वार्ड डूहकी मे ग्रामीण वन विकास समिति डूहकी के एकता स्वयं सहायता समूह और ग्रामीण वन विकास समिति निशु परनु के भारती स्वयं सहायता समूह के सदस्य को यह प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण शिमला से आए हुए संसाधन व्यक्ति मीना शर्मा और सुनीता शर्मा द्वारा दिया गया। इस अवसर पर जाइका विषय वस्तु विशेषग एवं वन परिक्षेत्र कटौला के अधिकारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए की उनका यह सत्याग्रह किसके खिलाफः डॉ. सिकंदर

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
राज्यसभा सांसद डॉ सिकंदर कुमार और इंदु गोस्वामी ने कहा की राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने सत्याग्रह सामाजिक न्याय के लिए शुरू किया था। भेदभाव मिटाने के लिए किया था। देश की आजादी के लिए किया था जबकि कांग्रेस सत्याग्रह निजी स्वार्थ सिद्धि के लिए कर रही है। कांग्रेस के नेता यह सत्याग्रह उनके नेता के सजायाफ्ता होने के बाद न्यायालय के खिलाफ करते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा की राहुल गाँधी को सूरत की एक अदालत ने देश के ओबीसी वर्ग के खिलाफ उनकी



अपमानजनक टिप्पणी को लेकर उचित कानूनी प्रक्रिया के बाद दोषी ठहराया और लोकसभा सांसद के रूप में उन्हें अयोग्य ठहराया जाना संबंधित कानून के तहत स्वतरू परिणाम है, तो फिर ये सत्याग्रह किस लिए? कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि उनका यह सत्याग्रह किसके खिलाफ है। क्या कांग्रेस का सत्याग्रह राहुल गाँधी द्वारा देश के पूरे पिछड़े समुदाय के लिए कहे गए अपमानजनक बातों को सही ठहराने के लिए है या अदालत के खिलाफ जिसने आपको सजा सुनाई है, या देश के संविधान के खिलाफ है या फि र उस प्रावधान के खिलाफ जिसके तहत आपको अयोग्य ठहराया गया है? संपूर्ण लोकतंत्र के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करने वाले लोग, सत्याग्रह के नाम पर महात्मा गांधी की समाधि पर जो कर रहे है, उसमें सत्य के प्रति कोई आग्रह नहीं, बल्कि अहंकार का दुराग्रह निर्लज्जता के साथ दिख रहा है। जो भी हुआ वह न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा था। संसद का पुराना नियम था जिसके तहत सदस्यता गई। ये लोग न्यायालय के प्रति दुराग्रह कर रहे हैं। उन्होंने कहा की महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के लिए सत्याग्रह किया लेकिन बापू की समाधि पर कांग्रेस ने सत्य और अहिंसा, दोनों को तिलांजलि दे दी। इस सत्याग्रह में सबसे पहुँचने वाले लोगों में थे जगदीश टाइटलर जो सिख भाइयों के नरसंहार के आरोपी हैं। कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या राजघाट में महात्मा गांधी के समाधि स्थल पर आयोजित उनका सत्याग्रह भी 'अहिंसा' के खिलाफ था।

यह सत्याग्रह बापू का अपमान है।उन्होंने कहा कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता, सांसद और सदन में कांग्रेस के उप-नेता प्रमोद तिवारी कह रहे हैं कि गाँधी परिवार के लिए अलग कानून होना चाहिए। वे कह रहे हैं कि परिवार की पृष्ठभूमि देख कर अदालत को फैसला करना चाहिए। मतलब कांग्रेस का सत्याग्रह देश में दो संविधान के लिए है। वह चाहती है कि देश की आम जनता के लिए एक संविधान हो और कांग्रेस परिवार के लिए अलग संविधान हो।

# लूटपाल व जानलेवा हमले के बाद अलर्ट

## फेरी वालों, साधुओं, कबाड़ियों व अंजान लोगों पर रहेगी नजर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
चिंतपूर्णी के साथ लगते जोड़बड़ में बुजुर्ग दंपति को बंधक बनाकर हुई लूटपाट व जानलेवा हमले से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। जिसके चलते सोमवार को स्थानीय बाजार आम नागरिक एकत्रित होकर बैठक की। बैठक में प्रधान, उपप्रधान, बीडीसी सदस्य सहित स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान रिटायर्ड प्रिंसीपल तीर्थराम शर्मा व उनकी पत्नी पर हुए जानलेवा हमले व घर में लाखों की लुटपाट पर चर्चा की गई।

प्रधान भगवान दास ने कहा कि गांव में फेरी वालों, कबाड़ियों, साधुओं व अंजान लोगों को न आने दें और उनकी गतिविधियों पर नजर रखें। यदि कोई अज्ञात व्यक्ति बार-बार चक्कर लगा रहा



हो, तो इसकी सूचना गांव के प्रतिनिधियों को दें। इसके अलावा स्थानीय बाजार में कमेटी का गठन किया जाए और दो चौकीदारों की नियुक्ति भी की जाए। स्थानीय दुकानदार दुकान में ज्यादा धनराशी न रखें। रात के समय यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे , इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि इस प्रकार की घटना दोबारा न दोहराई जाए। इस अवसर पर पूर्व प्रधान प्रेम सिंह, जोगिंद्र शर्मा, पूर्व उप प्रधान रणवीर सिंह, बीडीसी कर्नल सिंह, डा. रोशन लाल, अनिल कुमार,पूर्व बीडीसी शर्मिला शर्मा, मनोहर लाल, राकेश माईकल व मुनीष समेत अन्य उपस्थित रहे।

# जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों से गूंजा ऊना

**8 इस अवसर पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी को सुंदर रूप में फूलों से सजाया गया था**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
ऊना नगर के संथापक व गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा साहिब सिंह जी बेदी जी के जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को उनके वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी व साध संगत द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया व पांच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने नगर कीर्तन में शिरकत कर ऊना नगर



के संस्थापक को श्रद्धा सुमन भेंट किए। इस अवसर पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी को सुंदर रूप में फूलों से सजाया गया था और संगत साथ में शब्द कीर्तन करती हुए चल रही थी। नगर कीर्तन में गतका जत्था द्वारा पुरातन युद्ध के तौर-तरीकों का सुंदर रूप में प्रदर्शन किया गया। नगर कीर्तन को लेकर संगत में भारी उत्साह देखने को मिला। बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे लगाती संगत द्वारा नगर की परिक्रमा की गई। नगर कीर्तन किला बाबा साहिब सिंह जी बेदी से प्रारंभ होकर पुराना बस स्टैंड, आईएसबीटी, रोटरी चौक के बाद बजार से होते हुए वापिस किला बाबा साहिब सिंह जी बेदी में संपन्न हुआ। किला बेदी साहिब में पुष्प वर्षा से नगर कीर्तन का स्वागत किया गया व पांच प्यारों को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। नगर कीर्तन के दौरान विभिन्न स्थानों लंगरों का आयोजन किया गया।

नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष व गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा अमरजोत सिंह जी बेदी द्वारा इस अवसर पर किसी प्रकार की गंदगी ना फैले इस के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। इस अवसर पर बाबा अमरजोत सिंह जी बेदी, बाबा तेग्वीर सिंह जी बेदी, संत अनूप सिंह, बाबा प्रितपाल सिंह, बाबा सुरिंदर सिंह, हरजिंदर सिंह, त्रिलोक सिंह, बलविंदर सिंह, जगरूप सिंह, गुरदीप सिंह, गोपाल सिंह बालीवाल, गुरु नानक मिशन संस्था के महासचिव हरपाल सिंह कोटला, सुखविंदर सिंह, गुरमेज सिंह, अजैब सिंह, कश्मीर सिंह, सतनाम सिंह, जोग्मान सिंह, गगनदीप सिंह, गुरदीप सिंह, इंदरजीत सिंह, सुखवंत सिंह, सर्वजीत सिंह व परमजीत सिंह सहत अन्य उपस्थित रहे।

## सडक धंसने से लकड़ी से भरा ट्रक खाई में गिरा, दो घायल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
थाना चिंतपूर्णी के तहत गांव डूहल भटवालां में सडक धंसने से लकड़ी से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में ट्रक सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल चिंतपूर्णी ले जाया गया।

जहां पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रैफर कर दिया है। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना के संबंध में मामला दर्ज की आगामी जांच शुरू कर दी है।

# सलूरी में औद्योगिक विकास को लेकर कदमताल शुरू

## विधायक बबलू ने औद्योगिक विभाग सचिव संग किया भूमि का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
चिंतपूर्णी में औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने प्रयास शुरू कर दिए हैं।विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने सचिव औद्योगिक विभाग हिमाचल प्रदेश राकेश प्रजापति व उपायुक्त ऊना राघव शर्मा के साथ धुसाड़ा पंचायत के सलूरी में प्रस्तावित नए औद्योगिक क्षेत्र के लिए चयनित की गई भूमि का निरीक्षण किया। नए औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए सलूरी में 30 हैक्टेयर का चयन किया गया है। पिछले सप्ताह ही उक्त भूमि उद्योग विभाग के नाम भी ट्रासफर भी हो चुकी है।

अब इसके बाद यहां आधारभूत ढांचे को विकसित कर नई औद्योगिक इकाईंयों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। बड़ी बात है कि सलूरी में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना से पहले ही ग्रीनको जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनी अपनी दिलचस्पी दिखा रही है। अगर ऐसे उद्योग यहां स्थापित होतें है तो में ग्रीन ऊर्जा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए जा सकेंगे। उधर, विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि सलूरी में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सहयोग से नए उद्योगों यहाँ लाने के लिए प्रयास किए जा रहे उद्योगों को भूमि के अलावा अन्य औपचारिकताएं पूरी करने के लिए सरकार सहयोग करेगी। इस क्षेत्र में रेल कांक्टिविटी भी उपलब्ध है और अन्य सुविधाएं भी उद्योगपतियों को सरकार उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का उद्योग मित्र माहौल ज्यादा संख्या में औद्योगिक निवेश लाने में कारगर सिद्ध होगा। नए उद्योग स्थापित होने से क्षेत्र के युवाओं को रोजगार की तलाश में इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा, बल्कि घर द्वार पर ही उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

## गेट तोड़ने पर दो परिवारों में मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
उपमंडल अंब के छपरोह में आपसी विवाद के चलते दो भाईयों में मारपीट हुई है। पुलिस ने शिकायत के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गोविंद कालिया निवासी छपरोह ने बताया कि उसने अपने घर पर सुरक्षा के कारण एल्युमिनियम का एक गेट लगाया था। हमारे मकान के साथ हमारे रिश्ते मे चाचा लगते नवीन कालिया उर्फ सोनू व राजन कालिया आकर इस गेट को बैट से तोड़ दिया है। मैंने गेट तोड़ने से मना किया, तो दोनो मुझे व मेरे परिवार को जान से मारने की धमकिया देने लगे।

# सांसद सेवा टीम ने सिंगा में जांचे 78 मरीज

**8 शुगर के 11, हाई बीपी के 13, जोड़ों के दर्द के 11 और खून की कमी संबंधित7 व खांसी जुकाम के 10 मरीज पाए गए**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
सांसद मोबाईल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम द्वारा गांव सिंगा में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस अवसर पर डा. प्रदीप भटिया, रूचि, प्रीति व रोहित पर आधारित टीम द्वारा 78 लोगों का चेकअप किया गया। जांच के दौरान 40 लोगों के रक्त के सैंपल भी लिए गए। रक्त जांच में शुगर के 11, हाई बीपी के 13, जोड़ों के दर्द के 11, हाई कोलेस्ट्रोल के 4 और



खून की कमी संबंधित7 व खांसी जुकाम के 10 मरीज पाए गए। डा. प्रदीप भटिया द्वारा मरीजों को बीमारी के अनुरूप निशुल्क दवाईंयां भी वितरित की गई और लोगों को टीबी रोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बाबा साहिब सिंह बेदी का जन्म उत्सव कार्यक्रम में पहुंचे उपमुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
किला बाबा साहिब सिंह बेदी में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला बाबा साहिब सिंह बेदी का जन्मोत्सव में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विशेष रूप से शिरकत की। गुरु नानक देव और ऊना नगर के संस्थापक बाबा साहिब सिंह बेदी के वंशज बाबा सर्वजोत सिंह बेदी ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया। जन्म उत्सव में विशेष रूप से पहुंचे उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने साध संगत को कार्यक्रम की बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी के वंशजों का नगर की स्थापना से लेकर विकास तक विशेष योगदान रहा है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा



कि उनके 5 विधानसभा चुनावों में भी गुरु नानक देव जी के वंशजों बाबा सरबजोत सिंह बेदी और बाबा अमरजोत सिंह बेदी का विशेष सहयोग रहा है। जबकि जिला मुख्यालय और जिला के विकास को लेकर किसी भी योजना में इनका विशेष सहयोग रहता है। उपमुख्यमंत्री ने बाबा साहिब सिंह बेदी के जन्म उत्सव की बधाई देते हुए जिला के विकास आपसी भाईचारे और सद्भाव के लिए विशेष अरदास की। वहीं बाबा सर्वजीत सिंह बेदी ने कहा कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम भारत ही नहीं अपितु विदेशों में बसने वाली संगत का भी विशेष आस्था का केंद्र है। बाबा सरबजोत सिंह बेदी ने आपसी भाईचारा और प्रेम सद्भाव बनाए रखने का संदेश देते हुए सर्वत्र कल्याण की कामना की।

# हरित हाइड्रोजन एवं अमोनिया परियोजना के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को हरित हाइड्रोजन आधारित प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाने के दृष्टिगत प्रदेश सरकार ने हरित हाइड्रोजन एवं अमोनिया परियोजना के लिए मैसर्ज एचएलसी ग्रीन एनर्जी एलएलसी के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की उपस्थिति में गत दिवस को मैसर्ज एचएलसी ग्रीन एनर्जी एलएलसी की ओर से प्रबंध निदेशक संजय शर्मा और प्रदेश सरकार की ओर से उद्योग विभाग के निदेशक राकेश कुमार प्रजापति ने यह समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया। इससे पहले, मैसर्ज एचएलसी ग्रीन एनर्जी एलएलसी के प्रबंध निदेशक संजय शर्मा



ने मुख्यमंत्री के समक्ष हरित हाइड्रोजन एवं हरित अमोनिया के उत्पादन पर एक विस्तृत प्रस्तुति भी दी थी।मुख्यमंत्री ने कहा कि हरित जलविद्युत उत्पादन के लिए विख्यात हिमाचल प्रदेश को अब इथेनॉल, हरित हाइड्रोजन, हरित अमोनिया, सौर ऊर्जा इत्यादि नवीनतम स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं को प्रोत्साहित कर, देश में स्वच्छ ऊर्जा हब की दिशा में आदर्श राज्य के रूप में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल को वर्ष 2026 तक देश का प्रथम हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके लिए हरित ऊर्जा उत्पादन पर विशेष बल दिया जा रहा है।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने हिमाचल को हरित हाइड्रोजन आधारित प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हरित हाइड्रोजन नीति बनाने की भी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि हरित हाइड्रोजन में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी लाने, उर्वरकों की कीमतों में कमी लाने और आयात विकल्प के रूप में देश की अर्थव्यवस्था में सहयोग करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि राज्य में जल संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने से ऊर्जा के इस विकल्प के उत्पादन के लिए हिमाचल के पास अनुकूल परिस्थितियां हैं।समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित होने के उपरांत, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि यह कम्पनी प्रदेश में प्रतिवर्ष 0.3 मिलियन मीट्रिक टन हाइड्रोजन और 1.5 मिलियन मीट्रिक टन अमोनिया उत्पादित करेगी। इसके लिए लगभग 25 एकड़ भूमि, 300 मैगावाट ऊर्जा तथा करीब 50 हजार किलोलीटर जल सुविधा की आवश्यकता होगी। जल और अन्य संसाधनों की उपलब्धता के दृष्टिगत ऊना और कांगड़ा जिलों में यह परियोजना स्थापित की जाएगी। परियोजना से प्रदेश में 4 हजार करोड़ से अधिक का निवेश तथा 3500 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इससे क्षेत्र के कुशल कामगारों को उनके घरद्वार के निकट रोजगार मिलेगा और यह परियोजना प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगी। उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार इस परियोजना की स्थापना में कम्पनी को पूर्ण सहयोग और हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने प्रमोटर्ज को इस दिशा में शीघ्र विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा।

इस अवसर पर प्रधान सचिव, उद्योग आरडी नजीम, आयुर्वेद विभाग के निदेशक विनय सिंह, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति के प्रबंध निदेशक केसी चमन और उद्योग विभाग के अतिरिक्त निदेशक तिलक राज शर्मा उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### राहुल ने पास की पीएमआरएफ की परीक्षा, पीएचडी के लिए हर महीने मिलेंगे 70 हजार

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
मंडी शहर के नेला वॉर्ड निवासी राहुल गुप्ता ने पीएम रिसर्च फैलोशिप प्रोग्राम की परीक्षा को उतीर्ण करके नया मुकाम हासिल किया है।
अब राहुल को इस प्रोग्राम के तहत पीएचडी की पढ़ाई के दौरान हर महीने 70 हजार की राशि प्राप्त होगी। यह जानकारी राहुल के पिता विजय गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि एनआईटी हमीरपुर से कैमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक करने के बाद इन दिनों राहुल आईआईटी कानपुर में पीएचडी की पढ़ाई कर रहा है। जनवरी में राहुल ने पीएम रिसर्च फैलोशिप प्रोग्राम की परीक्षा के लिए आवेदन किया। 24 मार्च को इसका परिणाम आयाए जिसमें राहुल का चयन हुआ है। इस प्रोग्राम के तहत अब राहुल को प्रथम और द्वितिय वर्ष में हर महीने 70 हजार, तीसरे और चौथे वर्ष में हर महीने 75 हजार जबकि पांचवे वर्ष हर महीने 85 हजार की आर्थिक राशि प्राप्त होगी। इसके अलावा उपकरणों की खरीद के लिए दो लाख की राशि अलग से दी जाएगी। विजय गुप्ता ने बताया कि राहुल बीटेक की पढ़ाई के दौरान भी सिल्वर मेडल हासिल कर चुका है। राहुल की माता प्रतिभा गुप्ता हैड टीचर हैं।

### एचडीएफसी लाइफ ने एचडीएफसी लाइफ स्मार्ट पेंशन प्लस लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन**: भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक एचडीएफसी लाइफ ने स्मार्ट पेंशन प्लस लॉन्च किया है एक ऐसी योजना जो ग्राहकों को सेवानिवृत्ति के बाद नियमित और गारंटीशुदा आय के रूप में वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में सक्षम बनाती है।एचडीएफसी लाइफ स्मार्ट पेंशन प्लस उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है जो बचत करना चाहते हैं और खुद के लिए एक वित्तीय सुरक्षा जाल बनाना चाहते हैं और अपने स्वर्णिम वर्षों में सेवानिवृत्ति के बाद अपनी वर्तमान जीवन शैली को जारी रखने में सक्षम बनाता हैं। सीधे शब्दों में कहें तो यह वार्षिकी उत्पाद ग्राहकों को सेवानिवृत्ति के बाद उनकी मनचाही जिंदगी जीने में सक्षम बना सकता है। अनीश खन्ना, हेड,प्रोडक्ट्स एंड सेगमेंट एचडीएफसी लाइफ ने कहा, भारत में रिटायरमेंट सेविंग गैप 2050 तक 85 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। बढ़ती महंगाई,बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल लागत और उच्च जीवन प्रत्याशा के साथ यह अनिवार्य है कि व्यक्ति अपनी कमाई के वर्षों से परे एक नियमित आय की योजना बनाएं।हमारी नवीनतम पेशकश एचडीएफसी लाइफ स्मार्ट पेंशन प्लस एक अनूठी वार्षिकी योजना है जिसे सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुकूलित किया जा सकता है।यह योजना कई सही गारंटीकृत आय विकल्प प्रदान करती है और ग्राहकों को उनके सेवानिवृत्ति जीवन के लिए पर्याप्त बचत करने में सक्षम बनाती है। हमारा मानना है कि नियमित प्रीमियम का भुगतान करने और ज्वाइंट लाइफ कवर लेने का विकल्प हमारे देश की आबादी के एक बड़े वर्ग को अपने स्वर्णिम वर्षों के लिए पहले से योजना बनाने में सक्षम बनाएगा।उत्पाद स्वयं के साथ.साथ अपने जीवनसाथी को कवर करने की सुविधा,प्रीमियम भुगतान अवधि,भुगतान की आवृत्ति और तुरंत या कुछ वर्षों के बाद आय वापस लेने का विकल्प प्रदान करता है। ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिएए एचडीएफसी लाइफ स्मार्ट पेंशन प्लस को कई विकल्प में पेश किया जाता है तरलता विकल्प के साथ वार्षिकी,मुद्रास्फीति को कम करने के लिए सरल और चक्रवृद्धि वार्षिकी और अपने जीवन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रीमियम की प्रारंभिक वापसी । ग्राहक उस विकल्प को चुनकर योजना को अनुकूलित कर सकते हैं जो उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप हो विचार यह है कि उन्हें पूर्ण वित्तीय स्वतंत्रता के साथ अपनी इच्छानुसार जीने में सक्षम बनाया जाए।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक अभिनव बचत उत्पाद आईसीआईसीआई प्रू गोल्ड लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया**/धर्मशाला: आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू गोल्ड लॉन्च किया है जो ग्राहकों को उनकी विविध आय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक अतिरिक्त आय स्ट्रीम बनाने में सक्षम बनाने के लिए डिजाइन किया गया एक अभिनव दीर्घकालिक बचत उत्पाद है।आजीवन आय की गारंटी प्राप्त करने के अलावा उत्पाद में जीवन बीमा घटक परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। ग्राहकों की आय की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए यह उत्पाद तीन प्रकारों में उपलब्ध है अर्थात तत्काल आय,बूस्टर के साथ तत्काल आय और विलंबित आय।आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पलटा ने कहा,बढ़ती महंगाई कई उपभोक्ताओं को अपने पेशे से प्राप्त आय के अलावा गारंटीकृत आय का एक अतिरिक्त स्रोत बनाने के लिए प्रेरित कर रही है।यह आईसीआईसीआई प्रू गोल्ड को डिजाइन करने की उत्पत्ति थी। यह अभिनव दीर्घकालिक बचत उत्पाद ग्राहकों को बाजार के उतार.चढ़ाव से सुरक्षित आय का एक गारंटीकृत स्रोत प्रदान करता है।तत्काल आय प्रकार का विकल्प चुनने वाले ग्राहक पॉलिसी जारी होने की तारीख से 30 दिनों के बाद आय प्राप्त करना चुन सकते हैं जिससे वे तुरंत आजीवन आय का एक पूरक स्रोत बना सकते हैं। जो ग्राहक तत्काल आय बूस्टर के साथ संस्करण खरीदते हैं वे जीवन भर की आय के अलावा हर पांचवें पॉलिसी वर्ष में अतिरिक्त गारंटीकृत आय प्राप्त करते हैं जो पॉलिसी जारी करने की तारीख से 30 दिनों के बाद शुरू होती है।


Himachal Pradesh
Public Work Department
INVITATION FOR BIDS (IFB)

The Executive Engineer Seraj Division HP.PWD Janjehli Distt.Mandi on behalf of Governor of Governor of H.P invites the percentage rate bids in electronic tendering system, from the eligible class of contractor registered with HP PWD for the works as detailed in the table

| S. No. | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Tender | Eligible class of Contractor | Starting date for downloading bid | Deadline for submission of bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Periodical Maintenance on Gohar/Kandha road Km. 0/0 to 16/0 (SH:- P/L 30 mm bitumen concrete in Km. 11/0 to 14/0) | 44,58,927/- | 89,200/- | 2000/- | Class C&D | 31-3-2023 at 11.00 AM | 6-4-2023 at 09.00 AM |

The bidder are advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in

Executive Engineer
Seraj Division HP.PWD
Janjehli Distt.Mandi H.P
For and on behalf of Governor of H.P

RO No. 6674/2022-2023

## न्यूज फ्लैश

### विद्याज्ञान लीडरशिप एकेडमी को चल्ड्रन्स चैंपियन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के अंतर्गत आर्थिक रूप से वंचित और मेधावी छात्रों के लिए समर्पित रूरल लीडरशिप एकेडमी, विद्याज्ञान को शिक्षा श्रेणी में प्रतिष्ठित चिल्ड्रन्स चैंपियन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। दिल्ली सरकार के बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा संस्थापित यह पुरस्कार बाल अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, जो देश में हो रहे अच्छे कार्यों की खोज करने, पहचानने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रयासरत है। विद्याज्ञान को यह पुरस्कार उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण भारत के वंचित छात्रों की पहचान, भविष्य के लीडर्स के रूप में करने और उनका पोषण करने के एवज में प्रदान किया गया है। विद्याज्ञान लीडरशिप एकेडमी, सामाजिक समानता के लिए भागीदारी शिक्षण और संरचनाओं के आधार पर सीखने को बढ़ावा देती है। विद्याज्ञान न सिर्फ बच्चों को वैश्विक तौर पर चल रहीं मौजूदा चुनौतियों से निपटने के लिए सक्षम बनाता है, बल्कि संबंधित बदलाव लाने के लिए उन्हें प्रबल भी बनाता है। विद्याज्ञान छात्रों को समग्र शिक्षा प्रदान करने, विश्व स्तर की सुविधाओं तक पहुँच स्थापित करने और छात्रों के लिए मेंटॉर्स के रूप में कार्य करने वाले उत्कृष्ट शिक्षकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दशार्ता है, इसके लिए डीसीपीसीआर द्वारा विद्याज्ञान की सराहना की गई है। अपनी पहल और प्रयासों के माध्यम से यह संस्थान माध्यमिक विद्यालय शिक्षा और युवाओं के विचारों में परिवर्तन लाने का कार्य कर रहा है। रोशनी नादर मल्होत्रा, ट्रस्टी, शिव नादर फाउंडेशन, ने कहा, "हम चिल्ड्रन्स चैंपियन अवॉर्ड प्राप्त करने को लेकर दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग के आभारी हैं। विद्याज्ञान के लिए, शिव नादर फाउंडेशन का दृष्टिकोण ग्रामीण भारत के वंचित और मेधावी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। वर्ष 2009 में अपनी स्थापना के बाद से, विद्याज्ञान की 100% नि:शुल्क और उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से 2500 से अधिक वंचित छात्र लाभ ले चुके हैं। हमारे समस्त पूर्व छात्रों ने अग्रणी भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों से उच्च शिक्षा ग्रहण की है। उनमें से कई पूर्व छात्र वर्तमान समय में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका में अग्रणी संगठनों के साथ कार्यरत हैं। इससे प्रेरणा लेकर हम मेधावी छात्रों को सशक्त बनाना और आगे बढ़ाना जारी रखेंगे।" यह पुरस्कार समारोह बच्चों के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थानों को पहचानने के लिए एक बेहतर मंच के रूप में उभरा है। दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग युवा विचारों के विकास के लिए शिक्षण की सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करने वाले संस्थानों को मान्यता प्रदान करता है, जिससे कि भारत में समग्र शैक्षिक मानकों को प्रोत्साहन मिलता है। ये पुरस्कार 12 श्रेणियों प्रदान किए जाते हैं, जिनमें राजनीति, न्यायविद, पत्रकारिता, शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण, बाल संरक्षण, कला, शिक्षा, खेल, व्यवसाय और सार्वजनिक सेवा शामिल हैं।

### भोला की स्टारकास्ट ने सिनेपोलिस के नए ऐप-वेबसाईट का किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल सिनेमा एक्जहीबिटर और मुवी थिएटर चेन सिनेपोलिस ने फिल्म भोला की स्टार कास्ट अजय देवगन एवं तब्बु की मौजूदगी में अपनी नई वेबसाईट और मोबाइल ऐप्लीकेशन का लॉन्च किया। ब्राण्ड ने दिल्ली के नेताजी सुभाष प्लेस पीतमपुरा स्थित मॉल में अभिनेताओं के साथ एक्सक्लुजिव मीट एण्ड ग्रीट सैशन का आयोजन भी किया,



जहां आगामी फिल्म भोला का प्रोमोशन भी किया गया, जल्द ही भारत में यह फिल्म रिलीज होने वाली है।

नई वेबसाईट और ऐप के लॉन्च से भारत में फिल्म प्रेमी बेहतर अनुभव पा सकेंगे। ऐप और वेबसाईट दोनों यूजर-फ्रैंडली इंटरफेस से युक्त हैं, जो उपभोक्ताओं को बुकिंग का त्वरित, बेहतर एवं उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करेंगे। उपभोक्ता अब आसानी से ऐप या वेबसाईट के द्वारा फिल्मों के शेड्यूल, नई फिल्म की रिलीज, स्पेशल प्रोमोशन्स के बारे में जानकारी पा सकेंगे और हर बुकिंग के साथ क्लब सिनेपोलिस पॉइन्ट्स भी अर्न कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान भोला की स्टार कास्ट ने फिल्म में अपने काम के अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि किस तरह नई टेक्नोलॉजी जैसे कम्प्यूटर-जनरेटेड इमेजरी (सीजीआई) की मदद से फिल्म के डायनामिक्स को बेहतर बनाया गया। फिल्म को आईमैक्स, 3डी और 4डीएक्स फोर्मेट्स में भी रिलीज किया जाएगा। अपनी नई वेबसाईट और ऐप का लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। इस नए ऐप के साथ सिनेपोलिस अपने दर्शकों को आधुनिक तकनीक एवं फीचर्स का अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। जिससे उपभोक्ताओं के लिए टिकट बुकिंग की प्रक्रिया बेहद सरल, तेज और शानदार हो जाएगी। हावियर सोटोमेयर, मैनेजिंग डायरेक्टर, सिनेपोलिस एशिया ने कहा। उन्होंने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा, हमें खुशी है कि भोला की स्टार कास्ट आज हमारे साथ दिल्ली के सिनेपोलिस एनएसपी में मौजूद है, जो हमारी आइकोनिक प्रॉपर्टीज में से एक है।

# बजट को लेकर नपा की हुई बैठक

## नगरपालिका अध्यक्ष अरूण त्यागी की अध्यक्षता में हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**वितिय बजट** 2023-2024 के बजट को लेकर सोमवार को नगरपालिका में हाउस की बैठक का आयोजन चेयरमैन अरूण त्यागी कर अध्यक्षता में किया गया। नगरपालिका के लेखाकार पंकज कुमार ने बजट बैठक के दौरान बताया कि नगरपालिका के पास करीब 6 करोड़ 82 लाख 30 हजार का अनुमानित बजट पारित किया गया है। पालिका चेयरमैन अरूण त्यागी ने बताया कि शहर में बिना भेदभाव विकास कार्य करवाएं जा रहें है। त्यागी ने बताया कि नगरपालिका की अनुमानित आय 6 करोड़ 82 लाख 30 हजार है और अनुमानित व्यय 6 करोड़ 67 लाख 67 हजार है। उन्होंने बताया कि की बैठक में 17 पार्षदों में से 10 पार्षद व चेयरमैन सहित 11 सभासद मौजूद रहें। बैठक में मौजूद सभी ने बजट पर अपनी सहमति जताई। इस मौके पर चेयरमैन अरूण त्यागी ने मौजूद पार्षदों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि कस्बे में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जाएंगे। चेयरमैन ने सभी पार्षदों से कहा कि वे अपने अपने वार्ड के बचे हुए विकास कार्यो की सूची उपलब्ध करवा दे या सीधे पोर्टल पर भी डाल सकते है।उन्होंने कहा कि सभी पार्षदों के वार्डों में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य करवाए जाएंगे। त्यागी ने बताया कि बजट में किसी प्रकार को कोई नया टैक्स नही लगाया गया है व्यय मद में केवल कर्मचारियों की वेतनवृद्धि तथा सरकार द्वारा जारी महंगाई भत्तों की बढ़ोतरी की गई है। इस अवसर पर नगरपालिका के उपाध्यक्ष दिनेश अदलखा,वरूण जैन, खुश्बु जैन,सचिन,ममता,अंकित त्यागी,विकास शर्मा,संगीता त्यागी,सोनीया व शमशेर सैनी के अलावा नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब व एमई मोर भी मौजूद रहें।



## समझौता लागू ना होने से नाराज नप कर्मचारी बैठे हड़ताल पर

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** में नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर सफाई कर्मचारियों ने एक बार फिर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नगर निगम अंबाला सिटी, नगर परिषद कैंट समेत नगर पालिका के कर्मचारी 4 अप्रैल तक भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। कर्मचारियों ने कहा कि अक्टूबर 2022 में हुए समझौते को सरकार ने लागू करना तो दूर पत्र तक जारी नहीं किया है। नगर निगम सिटी में 21, नगर परिषद कैंट में 11 और नारायणगढ़ नगर पालिका समेत सभी नगर पालिकाओं में 5-5 कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठे हैं। यहां भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोष जताया। संघ के राज्य उप प्रधान सेवा राम ने कहा कि कर्मचारी 4 अप्रैल तक सांकेतिक रूप से भूख हड़ताल जारी रखेंगे। फिलहाल काम-काज को प्रभावित नहीं किया गया। अगर सरकार अभी भी उनकी मांगों पर संज्ञान नहीं लेती तो कर्मचारी बड़ा कदम उठाने को मजबूर होंगे। सेवा राम ने कहा कि सरकार के साथ जिन मांगों पर सहमति बनी थी,अभी तक सरकार ने उन मांगों से संबंधित कोई पत्र जारी नहीं किया। पक्के कर्मचारियों की तर्ज पर छळ्उ देने की मांग, कौशल रोजगार निगम को भंग करने, सी व डी-ग्रुप के कर्मचारियों को ऑन रोल करने, सफाई कर्मचारी, सीवर मैन, फायर कर्मचारी के लिए रेगुलाइजेशन पॉलिसी बनाने की मांग की रखी। जब तक उक्त पॉलिसी नहीं बनती, तब तक कर्मचारियों को समान काम-समान वेतन देने की मांग रखी।

## आईएमए की पानीपत यूनिट ने डीसी को सौंपा राजस्थान के राज्यपाल के नाम ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**इंडियन** मेडिकल एसोसिएशन की पानीपत यूनिट ने राजस्थान विधानसभा द्वारा पास किये गये राजस्थान राईट टू हेल्थ बिल 2023 के विरोध में सोमवार को उपायुक्त सुशील सारवान को वहां के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। उपायुक्त ने आईएमए की पानीपत कमेटी के डाक्टरों को आश्वासन दिया कि उनके ज्ञापन को जल्द ही राजस्थान के महामहिम राज्यपाल को भेज दिया जाएगा। इस मौके पर डा. पंकज मुटनेजा, डा. अनिल मितल, डा. गौरव श्रीवास्तव, डा. रजत गुप्ता, डा. सुभाष सोनी, डा. अभिनव मुटनेजा और हरीश अरोड़ा ने बताया कि राजस्थान विधानसभा द्वारा हाल ही में राजस्थान राईट टू हेल्थ बिल 2023 पास किया गया है और इसमें प्रावधान किया गया है कि एमरजेंसी के दौरान मरीजों को प्राईवेट अस्पतालों को भी फ्री में ट्रीटमेंट देना पड़ेगा। यह बिल प्राईवेट अस्पतालों के लिये सही नहीं है और आईएमए की पानीपत यूनिट राजस्थान के डाक्टरों के साथ है। वहां की सरकार को इस बिल को वापस लेना चाहिये।



## गुरद्वारा के पाठी को कुत्तों ने 20 जगह पर काटा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)** अंबाला कैंट में आवारा कुत्तों का शिकार हुए पाठी नरेंद्र सिंह आज अपने परिजनों और कॉलोनी वासियों के साथ नगर परिषद ऑफिस पहुंचा। यहां कोई अधिकारी नहीं मिला तो उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। विदित हो कि रविवार को गुरुद्वारे से वापस लौट रहे पाठी नरेंद्र सिंह को 4-5 आवारा कुत्तों ने गांधी नगर में अपना निशाना बनाते हुए बुरी तरह से नोच दिया था। लहूलुहान हालत में नरेंद्र सिंह को सिविल अस्पताल अंबाला कैंट पहुंचाया गया था। नरेंद्र सिंह ने बताया कि सिविल अस्पताल में 3 इंजेक्शन लगे। इसके अलावा जो एंटी रैबीज का सबसे महंगा इंजेक्शन उन्हें बाजार से खरीदना पड़ा। बताया कि परिजन 2800 रुपए खर्च करके इंजेक्शन खरीदकर लगाए।

## निजी स्कूलों को इंटर की मान्यता न होने के बावजूद छात्रों का प्रवेश लेना पड़ा भारी

### डीआईओएस ने दो स्कूल प्रबंधकों को दिए मुकदमा दर्ज कराने के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**जनपद** के एक निजी इंटर कॉलेज में इंटरमीडियेट की मान्यता न होने के बावजूद छात्रों का प्रवेश लेना प्रिंसिपलों को भारी पड़ गया है। प्रकरण की दो छात्रों द्वारा जिलाधिकारी से की गई शिकायत के बाद हुई जांच में प्रवेश लेने वाले स्कूल तथा संबद्धीकरण करने वाले स्कूल प्रिंसिपल को दोषी पाए गया है। अब डीआईओएस ने दोनों स्कूल के प्रबंधकों को दोषी प्रिंसिपलों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के आदेश जारी किए हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, जिलाधिकारी मथुरा से शिकायतकर्ता अंकित कुमार पुत्र गोपाल प्रसाद तथा नगीना कुमारी पुत्री राधेश्याम दोनों निवासी गांव अडींग थाना गोवर्धन द्वारा शिकायत की गई थी कि लॉर्ड कृष्णा इंटर कॉलेज, अडींग गांव के प्रधानाचार्य ने इंटरमीडिएट की मान्यता न होने के बाद भी छात्रों को गुमराह करते हुए अपने यहां प्रवेश लेकर इन दोनों विद्यार्थियों का संबद्धीकरण भगत सिंह इंटर कॉलेज, महरौली गांव में करा दिया। दोनों छात्रों का आरोप है कि उनका कक्षा 11 का पंजीकरण फॉर्म बोर्ड कार्यालय, मेरठ अग्रसारित नहीं किया गया जिसके कारण दोनों ही छात्र वर्ष 2022-2023 की बोर्ड परीक्षा नहीं दे पाए और उनका भविष्य बर्बाद हो गया। आरोप है कि छात्रों से फीस लगातार ली जाती रही। उक्त मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम द्वारा डीआईओएस, मथुरा को जांच के आदेश जारी किए थे। वहीं, डीआईओएस ने मामले की जांच राजकीय हाईस्कूल विबावली, मांट के प्रधानाचार्य संदेश कुमार को सौंपी। मामले की जांच में जांच अधिकारी को उक्त दोनों ही स्कूलों के प्रिंसिपल को दोषी पाया गया। इस संबंध में भास्कर मिश्र, डीआईओएस मथुरा के मुताबिक, लॉर्ड कृष्णा इंटर कॉलेज, अड़ींग के पास बारहवीं की मान्यता नहीं थी।

# स्कूल बनवाने की मांग को लेकर विधायक विज को सौंपा ज्ञापन

## विधायक प्रमोद विज ने दिया सरकारी स्कूल बनवाने को लेकर मुख्यमंत्री से बात करने का भरोसा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**सर्व समाज** समिति ने वार्ड 11 की सैनी कालोनी में निगम की खाली पड़ी जमीन पर सरकारी स्कूल बनाने की मांग को लेकर सोमवार को शहरी विधायक प्रमोद विज को ज्ञापन सौंपा। वहीं विधायक प्रमोद विज ने समिति के पदाधिकारियों से कहा कि वे स्वयं और सांसद संजय भाटिया तो पहले से ही वहां पर स्कूल बनवाना चाहते है ताकि आसपास की कालोनियों में रहने वाले बच्चों को दूर पढने के लिये नहीं जाना पड़े। विधायक ने आश्वासन दिया कि वे सैनी कालोनी में खाली पड़ी भूमि पर सरकारी स्कूल बनाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखेगे और मुख्यमंत्री जी से मिलकर भी स्कूल खोलने की मांग को प्रमुखता के साथ रखेंगे। समिति के सदस्यों जगदीश रंगा, केसी सैनी, लख्मीचंद कश्यप, रोकी गहलोत, चंद्रभान, हरपाल कश्यप,शीश राम तोमर, अब्दूल हमीर व राजेश सोंलकी ने बताया कि सैनी कालोनी में निगम की जमीन खाली पड़ी है और वह जमीन गहरी होने पर उसने तालाब का रूप ले लिया था। जिससे बारिश का बहुत ज्यादा पानी वहां पर भरने से करीब डेढ वर्ष पहले कालोनी के ही दो बच्चों वहां पर खेलते हुए डूब गये थे। विधायक प्रमोद विज के प्रयासों से उस तालाब नुमा भूमि पर मिट्टी डलवाई गई थी ताकि आगे से कोई हादसा न हो सके। उन्होंने बताया कि सैनी कालोनी के अलावा आसपास की अनेकों कालोनियों में कई किमी के क्षेत्र में कोई भी सरकारी स्कूल नहीं है। सरकारी स्कूल नहीं होने पर कालोनियों में रहने वाले गरीब मजदूर अपने बच्चों को प्राईवेट स्कूलों में नहीं पढा सकते। उन्होंने बताया कि वे सैनी कालोनी के पास खाली पड़ी भूमि पर सरकारी स्कूल खोलने की मांग को लेकर सांसद संजय भाटिया, मेयर अवनीत कौर, सीनियर डिप्टी मेयर दुष्यंत भट्ट, डिप्टी मेयर रविंद्र फूले व स्थानीय पार्षद को पहले ही मांग पत्र सौंप चुके है। वहीं सर्व समाज समिति के पदाधिकारियों ने स्कूल बनवाने का आश्वासन दिये जाने पर विधायक प्रमोद विज का आभार व्यक्त किया।



## बाईचुंग भूटिया की अकादमी नोएडा में फुटबॉल ट्रायल आयोजित करने के लिए तैयार

**नोएडा।** एनजोगो द्वारा संचालित बाईचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) 2 अप्रैल 2023 को गौड़ स्टेडियम, नोएडा में अपनी आवासीय अकादमियों (फुटबॉल प्रशिक्षण के साथ बोर्डिंग स्कूल) के लिए ट्रायल आयोजित करेगा। बीबीएफएस का लक्ष्य अपनी नवीनतम पहल - 100 ट्रायल्स के माध्यम से देश के कोने-कोने में फुटबॉल के इच्छुक लोगों तक पहुंचना है। 100 शहर। असीमित सपने। तकनीकी टीम ने फुटबॉल की लोकप्रियता के आधार पर ट्रायल करने और बीबीएफएस आवासीय अकादमी के लिए सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ियों का चयन करने के लिए 100 से अधिक भारतीय शहरों को चुना है। बीबीएफएस भारत की सबसे बड़ी फुटबॉल अकादमी है और पहले से ही अपने आवासीय कार्यक्रम के तहत प्रतिभाशाली फुटबॉलरों के लिए 2 करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति प्रदान करती है। शिक्षा, प्रशिक्षण, भोजन, आवास और प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन को कवर करते हुए 100% तक छात्रवृत्ति प्राप्त करने के अवसर हैं। "यह तो एक शुरूआत है। जैसे-जैसे हमारे संचालन में वृद्धि होगी, हम सूची में और स्थानों को जोड़ते रहेंगे। आखिरकार, योजना भारत के हर जिले को कवर करने की है,ह्व एनजोगो और बाइचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूलों के सह-संस्थापक और सीईओ किशोर टेड ने कहा। बीबीएफएस आवासीय अकादमियां पांच शहरों - दिल्ली, महाराष्ट्र, मेघालय, होसुर और केरल में काम कर रही हैं। परीक्षण दो चरणों में होंगे - क्षेत्रीय और राष्ट्रीय। पहले चरण में चयन के बाद चयनित फुटबॉलर फाइनल राउंड के लिए बीबीएफएस आवासीय अकादमियों में से किसी एक में जाएंगे।

## रूहानियत की दीक्षा, इंसानियत की शिक्षा लेकर लौटे ब्रज के निरंकारी

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**संसार** में इंसानियत और रूहानियत के संगम की नितान्त आवश्यकता है जब आत्मा, परमात्मा को जानकर अर्थात रूहान से जुड़कर रूहानी हो जाती है तो इंसानियत भी स्वाभाविक रूप से जीवन में आ जाती है। उक्त विचार सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज ने प्रयागराज के परेड ग्राउण्ड में आयोजित 44वें प्रादेशिक निरंकारी संत समागम में व्यक्त किए। निरंकारी प्रतिनिधि किशोर स्वर्ण ने बताया कि मथुरा जोन से लगभग साढ़े चार सौ श्रदालु प्रयागराज गए थे। जो रूहानियत की दीक्षा, इंसानियत की शिक्षा लेकर सोमवार को लौट आए हैं। समागम में सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु-भक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा कि संतों ने हमेशा आध्यात्मिकता को ही प्राथमिकता दी है।

# डॉ. आर. के. गुप्ता को भारत विकास परिषद् (सोनीपत शाखा) के अध्यक्ष पद के लिए चुना गया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**भारत विकास** परिषद की सोनीपत शाखा द्वारा परिवार मिलन व चुनाव कार्यक्रम 2023-24 का आयोजन सायं 8:30 बजे होटल बुलबुल एटलस रोड़(सोनीपत) में धूम-धाम से किया गया। समारोह की अध्यक्षता श्री प्रवीण गुप्ता जी नवनिर्वाचित अध्यक्ष मध्य प्रांत(हरियाणा) भारत विकास परिषद् द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई।कार्यक्रम में श्री योगेश कौशिक जी ने चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में भूमिका निभाई तथा मंच का संचालन श्री राजीव गुप्ता (प्रांतीय अध्यक्ष संपर्क)तथा श्री नीरज शर्मा प्रांतीय संयोजक (गुरु वंदन छात्र अभिनंदन) द्वारा किया गया।कार्यक्रम में 2023-24 सोनीपत शाखा के लिए डा.आर .के .गुप्ता भूतपूर्व प्रिंसिपल हिन्दू गर्ल्स कॉलेज को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। सचिव पद के लिए श्री सुरजीत दहिया व श्री पवन गौतम को कोषाध्यक्ष चुना गया। श्रीमती डा.नेहा गुप्ता को महिला संयोजिका पद के लिए नामांकित किया।ये सभी चुनाव प्रांतीय अध्यक्ष श्री प्रवीण गुप्ता जी की अध्यक्षता में सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। परिवार मिलन समारोह में भारत विकास परिषद के सभी सदस्यों ने परिवार सहित भाग लिया। निवर्तमान अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल ने 2022-23 की रिपोर्ट प्रस्तुत की?। कोषाध्यक्ष ने 2022-2023 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ्ङ्म रचना गुप्ता( अध्यक्ष प्रबुद्धा शाखा),श्रीमति मीनाक्षी बत्रा(सचिव),श्रीमति शारदा रेलन,नीरज अत्रये( भाजपा मीडिया प्रभारी (लोकसभा सोनीपत)सागर वालिया,रवि मित्तल, ने भाग लिया। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों द्वारा प्रबुद्धा शाखा की अध्यक्ष डॉ०रचना गुप्ता एवं उनकी टीम द्वारा किए गए योगदान की विशेष रूप से सराहना की गई।

# हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार, 5 साल से चल रहा था फरार

## आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ वह गिरफ्तारी से बचने के लिए विभिन्न स्थानों पर छुपकर रहा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**सीआईए टू** प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया कि पूछताछ में आरोपी कुलदीप ने परिवार के अन्य आरोपी सदस्यों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ वह गिरफ्तारी से बचने के लिए विभिन्न स्थानों पर छुपकर रहा। पिछले कुछ समय से बहादुरगढ़ में रहते हुए सब्जी बेचने का काम कर रहा था। रविवार को परिवार से मिलने के लिए आ रहा था नामुंडा नहर पुल के पास पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया कि गहनता के पूछताछ करने के बाद पुलिस टीम ने आरोपी कुलदीप को आज न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। थाना समालखा में 9 जनवरी 2018 को महाबीर पुत्र शेर सिंह निवासी नामुंडा ने शिकायत देकर बताया था उनकी वर्ष 2011 में परिवार में शादी के दौरान गांव निवासी लालचंद के परिवार के साथ कहासुनी हो गई थी। 8 जनवरी की साय वह घर पर थे और बेटा धर्मेंद्र काम पर से कार में घर आ रहा था। गली में शोर सुनाई देने पर उसने पत्नी व बेटी के साथ बाहर निकलकर देखा तो ताराचंद, सुरजभान, प्रेम, जगदीश पुत्र लालचंद, बलजीत पुत्र चंदगी, रघु, रामचंद्र, सतपाल व चीनी पुत्र प्रेमसिंह चीनी की पत्नी, लीला पुत्र ताराचंद, प्रवीन, बिट्ठ, अनुप पुत्र सुरजभान, महेश पुत्र ओमराज, लालचंद पुत्र श्री चंद व उनके परिवार के कई लड़के व औरत तलवार, लाठी व गंडासी से धर्मेंद्र को चोट मार रहे थे। बेटे को छुड़ाने के लिए आगे बढे को आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगे। डरते हुए वह पत्नी व बेटी के साथ वापिस घर के अंदर चला गया। आरोपियों ने घर के अंदर घूसकर सभी पर जानलेवा हमला कर दिया। परिवार को पीटता देखकर बेटा राजेंद्र कमरें से लाईसेंसी बंदूक निकालकर लाया और जान बचाने के लिए आरोपियों पर फायर किये तो सभी आरोपी अपने-अपने हथियार समेत मौके से भाग गए। बेट धर्मेंद्र को संभाला तो उसकी मौत हो चुकी थी। आरोपियों ने पुरानी रंजिश रखते हुए बेटे धर्मेंद्र को पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। पत्नी व बेटी को गांव वाले ईलाज के लिए सिविल अस्पताल पानीपत लेकर गए। गंभीर हालत को देखते हुए वहा से डॉक्टरों ने पीजीआई खानपुर के लिए रेफर कर दिया बाद में जिला के एक नीजी अस्पताल में दोनों को ईलाज के लिए दाखिल करवाया गया। महाबीर की शिकायत पर थाना समालखा में आईपीसी की धारा 148,149,323,341,452,302 ,506,120बी के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस द्वारा आरोपियों की धरकपड़ के प्रयास शुरू कर दिए गए थे।



# संजय चौक का नाम बदला तो सड़कों पर उतरेगी कांग्रेसः संजय अग्रवाल

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत** शहरी विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी संजय अग्रवाल ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि जिस प्रकार से पानीपत शहरी विधानसभा के विधायक प्रमोद विज द्वारा संजय चौक का नाम बदलने का प्रस्ताव सौंपा गया है। यह बहुत ही निंदनीय कार्य है। क्योंकि 1980 के अंदर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पुत्र एवं यूथ कांग्रेस के फाउंडर संजय गांधी पानीपत दौरे पर आए थे और हरियाणा के विकास के लिए पानीपत की धरती से अनेकों कार्य शुरू किए थे । जिस कारण पानीपत के इस चौक का नाम संजय गांधी चौक रखा गया था। जो आज आम बोलचाल की भाषा में संजय चौक के नाम से प्रसिद्ध है जिसका नाम शहरी विधायक द्वारा बदलने की बात कहीं गई है। कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने कहा कि यह बिल्कुल भी नहीं होने देंगे। पानीपत कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतर कर इसका विरोध करेगी। वहीं कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने यह भी कहा कि आज पानीपत के अंदर हजारों की संख्या में ऐसे चौंक है । जिनका कोई भी नाम नहीं है उनका नाम रखा जाए। किंतु संजय चौक का नाम बदलने की भूल ना करें। मौजूदा सरकार पानीपत के किसी भी अन्य चौक का नाम वंदे मातरम चौक रखें। जिस पर पानीपत कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी होगी ।जिसका पूरा खर्चा संजय अग्रवाल अपनी जेब से देगा । परंतु संजय चौक का नाम नहीं बदलने देंगे कांग्रेसी नेता संजय अग्रवाल ने यह भी कहा कि जिस प्रकार से आज पानीपत शहर के अंदर बढ़ते भ्रष्टाचार,बेरोजगारी, अपराध एवम गंदगी को कम करने का काम होना चाहिए।

**8 आज पानीपत के अंदर हजारों की संख्या में ऐसे चौंक है जिनका कोई भी नाम नहीं है उनका नाम रखा जाए**

## संपादकीय

# सीय-राम-मय सब जग जानी

**श्रीराम** विष्णु के अवतार हैं। सृष्टि के कथानक में भगवान विष्णु के अवतार लेने के कारणों में भक्तों के मन में आए विकारों को दूर करना, लोक में भक्ति का संचार करना, जन-जन के कष्टों का निवारण और भक्तों के लिए भगवान की प्रीति पा सकने की इच्छा पूरा करना प्रमुख हैं। सांसारिक जीवन में मद, काम, क्रोध और मोह आदि से अनेक तरह के कष्ट होते हैं और उदात्त वृत्तियों के विकास में व्यवधान पड़ता है। रामचरितमानस में इन स्थितियों का वर्णन करते हुए गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं कि जब-जब धर्म का ह्रास होता है, नीच और अभिमानी राक्षस बढ़ जाते हैं और अन्याय करने लगते हैं, पृथ्वी और वहाँ के निवासी कष्ट पाते हैं तब-तब कृपानिधान प्रभु भाँति-भाँति के दिव्य शरीर धारण कर सज्जनों की पीड़ा हरते हैं। एक भक्त के रूप में तुलसीदास जी का विश्वास है कि सारा जगत राममय है और उनके मन में बसा भक्त कह उठता है सीय राममय सब जग जानी करहुं प्रणाम जोरि जुग पानी। सारे जगत में चारों ओर राम को देखना भक्ति की पराकाष्ठा भी है और समदर्शी हो कर ऊपर से दिखने वाले विरोधों और उनसे उपजने वाली विपदाओं से उबरने का उपाय भी। आज के दौर में समानता से ज्यादा अनोखे, अद्वितीय, सबसे अलग, औरों से कुछ हट कर खुद को दिखने-दिखाने का रिवाज जोरों पर चल पड़ा है। वेश-भूषा, आचार-विचार, बात-व्यवहार सबमें अपने लिए आत्यंतिक फर्क साबित करना आज श्रेष्ठता का मानदंड होता जा रहा है। हम विविधता का उत्सव मनाने को सदैव व्याकुल रहने लगे हैं। औरों से अलग होना निश्चय ही बहुमूल्य होता है क्योंकि वह नवीनता लाता है। नवीनता मन के लिए रमणीय होती है और इसलिए वह प्रिय भी हो जाता है। नए, यानी जो पहले से भिन्न या अपूर्व है, उसे मौलिक कहा जाता है। उसे समाज में आदर मिलता है और पुरस्कृत भी किया जाता है। कहते हैं सृजनात्मक होने के लिए किसी चीज को मौलिक, उपयोगी और प्रासंगिक होना चाहिए।
अस्तित्व की मौलिक एकता से विविधता की ओर आगे बढ़ती मनुष्य की दिग्विजय यात्रा निश्चय ही मोहक और चित्ताकर्षक है। परंतु भिन्नता के अति आग्रह या दुराग्रह कुछ कठिन सवाल भी खड़ा करने लगता है क्योंकि सिर्फ.विविधता और भिन्नता की सिद्धि के लिए विविधता को बढ़ाते जाने से जीवन-यात्रा नहीं सधती। धरती पर जिस भौतिक दुनिया में हम रहते हैं वहाँ बड़ी भारी मात्रा में नाना प्रकार के पदार्थ मौजूद हैं और वे सभी अपने गुण धर्म में एक दूसरे से अलग भी हैं। मनुष्य जीवन के स्तर पर भाषा, धार्मिक विश्वास, खान-पान आदि में भी यह विविधता व्याप्त है। यह विविधता जिस तरह बढती जा रही है उसका कोई ओर-छोर नहीं दिखता। इसलिए उसकी गणना करना आसान नहीं है। इंद्रियानुभव पर जोर देने वाले वैज्ञानिक युग में इस तरह के विश्लेषण की अंतहीन सम्भावनाएँ हैं और उसके तरह-तरह के परिणाम भी होते हैं। हमारा शरीर भी अन्यान्य अंगों और उपांगों से बना है और वे सभी भिन्न-भिन्न कार्य करते हैं। हाथ, पैर, आँख, नाक और कान न केवल अपनी रचना में एक दूसरे से भिन्न हैं बल्कि इन सबका अलग-अलग उपयोग है और सामान्यतः एक दूसरे की जगह भी नहीं ले सकते। ये सभी स्वभावतः भौतिक जगत के भिन्न-भिन्न विषयों से जुड़े होते हैं। यह विविधता अनेक तरह के कार्यों को सम्पादित करना सम्भव बनाती है।

# इतिहास गवाह है कि राहुल गाँधी कभी सावरकर बन भी नहीं सकते



अशोक भाटिया

> नेताजी के बॉम्बे स्थित आवास पर हुई इस बैठक में सावरकर ने उन्हें एक महत्वपूर्ण सलाह दी थी। ये सलाह ये थी कि वैश्विक मंच पर दुश्मन के दुश्मन को दोस्त माना जाए और राष्ट्रमण्डली में कोई भी देश अस्थायी दुश्मन नहीं होता, बस राष्ट्रहित ही स्थायी है। इस मुलाकात के कुछ ही महीनों बाद नेताजी भारत छोड़ कर अंग्रेजों को चकमा देते हुए निकल गए। सावरकर की सलाह का ही योगदान था कि सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया और उसमें जान फूँकी। भगत सिंह के चाचा अजित सिंह भी अंग्रेजों की सेना में विद्रोह कराने के लिए वीर सावरकर की मदद कर रहे थे। खुद भगत सिंह ने लिखा था कि वीर सावरकर विश्व-बंधुत्व में यकीन रखने वाले बहादुर हैं। उन्होंने अपनी डायरियों में 6 बार वीर सावरकर की पुस्तक हिन्दूपदपादशाही से उद्धरण लिया है

**राहुल** गाँधी और कॉन्ग्रेस पार्टी लगातार वीर विनायक दामोदर सावरकर का अपमान करने में लगी हुई है। मैं माफी नहीं माँगूँगा, मैं सावरकर नहीं हूँ झ राहुल गाँधी बार-बार ये डायलॉग बोल रहे हैं और कॉन्ग्रेस पार्टी इसका वीडियो भी शेयर कर रही है। ये अलग बात है कि राफेल से लेकर ह्यमोदीह्न सरनेम वाले लोगों को गाली देने तक, राहुल गाँधी अदालतों में माफी माँगते रहे हैं। इतने चुनाव हारने के बावजूद बार-बार एक महान स्वतंत्रता सेनानी का अपमान किया जा रहा है। असल में राहुल गाँधी सावरकर बन भी नहीं सकते। जब राहुल गाँधी के दादी के पिता जवाहरलाल नेहरू नहीं बन पाए, तो राहुल गाँधी क्या बनेंगे। जवाहरलाल नेहरू जब नाभा जेल में थे, तब उनके पिता ने न जाने कहाँ-कहाँ पैरवी कर के उन्हें 12 दिनों में ही निकलवा लिया था। जबकि, वीर सावरकर ने 11 वर्षों तक जेल भी नहीं, बल्कि उससे भी खौफनाक कालापानी की सजा भुगती। उनके भाई गणेश भी उसी जेल में थे, लेकिन दोनों की मुलाकात तक नहीं होती थी। भले ही आज सावरकर की देशभक्ति पर आज कांग्रेस के नेता राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं लेकिन उनकी दादी इंदिरा गांधी ने आज से 42 साल पहले 20 मई 1980 को सावरकर को देश का महान सपूत कहा था. तकरीबन दो साल पहले साल 2018 के अक्टूबर माह की बात है कि जब पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और भाजपा आईटी सेल के मुखिया अमित मालवीय वीर सावरकर और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से जुड़े एक मसले पर एकराय थी। अमित मालवीय ने एक ट्वीट किया था, जिसमें एक इमेज पोस्ट की गई थी। जिसमें इंदिरा गांधी और वीर सावरकर की तस्वीरें दिखाई दे रही हैं। इस इमेज में इंदिरा गांधी के वीर सावरकर के बारे में दिया गया बयान दिखाई दे रहा है। जिसमें इंदिरा गांधी ने कहा था कि सावरकर द्वारा ब्रिटिश सरकार की आज्ञा का उल्लंघन करने की हिम्मत करना हमारी आजादी की लड़ाई में अपना अलग ही स्थान रखता है। इस तस्वीर में एक और बात बताई गई कि इंदिरा गांधी ने महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर के योगदान को पहचाना था। उन्होंने साल 1970 में वीर सावरकर के सम्मान में एक डाक टिकट जारी किया था। इसके साथ पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सावरकर ट्रस्ट में अपने निजी खाते से 11,000 रुपए दान किए थे। इतना ही नहीं इंदिरा गांधी ने साल 1983 में फिल्म डिवीजन को आदेश दिया था कि वह ह्यमहान क्रांतिकारीह्न के जीवन



पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएं।' विचारों से असहमत होते हुए भी कांग्रेस ने अपने पूर्वजों को नमन करने के लिए भारत को पोर्ट ब्लेयर (अंडमान निकोबार) में उमड़ते देखा है . वीर सावरकर से राजनैतिक दल विरोध रख सकते हैं, लेकिन भारत की जनता नहीं. वह जनता सेल्युलर जेल के सामने हजारों की संख्या में सलाम करने के लिए जाती रहती हैं . उस हजारों की संख्या में पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय मनमोहन सिंह जी भी थे, जिन्होंने अंडमान निकोबार के हवाई अड्डे का नाम 2005 में वीर सावरकर कर दिया था. सीधी बात है कि राहुल गाँधी, आप सावरकर बन भी नहीं सकते। भारत के सूचना आयुक्त उदय माहुरकर ने अपनी पुस्तक में बताया है कि कैसे कई स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर से प्रेरित थे। उन्होंने लिखा है कि कैसे वामपंथी बार-बार इस तथ्य को नजरअन्दाज करते हैं कि बलिदानी भगत सिंह वीर सावरकर की पुस्तक ह्य1857 का स्वतंत्रता समरह्न से प्रेरित थे।वीर सावरकर ने सन-1952 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ हुई अपनी एक 12 साल पुरानी मुलाकात का भी जिक्र किया था।

नेताजी के बॉम्बे स्थित आवास पर हुई इस बैठक में सावरकर ने उन्हें एक महत्वपूर्ण सलाह दी थी। ये सलाह ये थी कि वैश्विक मंच पर दुश्मन के दुश्मन को दोस्त माना जाए और राष्ट्रमण्डली में कोई भी देश अस्थायी दुश्मन नहीं होता, बस राष्ट्रहित ही स्थायी है। इस मुलाकात के कुछ ही महीनों बाद नेताजी भारत छोड़ कर अंग्रेजों को चकमा देते हुए निकल गए। सावरकर की सलाह का ही योगदान था कि सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया और उसमें जान फूँकी।
भगत सिंह के चाचा अजित सिंह भी अंग्रेजों की सेना में विद्रोह कराने के लिए वीर सावरकर की मदद कर रहे थे। खुद भगत सिंह ने लिखा था कि वीर सावरकर विश्व-बंधुत्व में यकीन रखने वाले बहादुर हैं। उन्होंने अपनी डायरियों में 6 बार वीर सावरकर की पुस्तक हिन्दूपदपादशाही से उद्धरण लिया है। इतिहासकारों के मुताबिक सरदार भगत सिंह वीर सावरकर की राष्ट्रभक्ति और स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका से किस कदर प्रभावित थे इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सरदार भगत सिंह ने वीर सावरकर द्वारा 1857 के स्वतंत्रता संग्राम पर लिखी गयी किताब 1857- इंडिपेंडेंस समर का अंग्रेजी अनुवाद प्रकाशित करवाया था और इसे अन्य क्रांतिकारियों को बांटा भी था. भगत सिंह के सावरकर के प्रति क्या विचार थे इसका एक उदाहरण कलकत्ता से प्रकाशित होने वाली मतवाला मैगजीन में लिखे उनके लेख में मिलता है. जहाँ 15 नवंबर और 22 नवंबर 1924 को प्रकाशित अंक में सरदार भगत सिंह लिखते हैं कि विश्वप्रेमी वह वीर है जिसे भीषण विप्लववादी, कट्टर अराजकतावादी कहने में हम लोग तनिक भी लज्जा नहीं समझते वही वीर सावरकर। विश्वप्रेम की तरंग में आकर घास पर चलते-चलते रुक जाते कि कोमल घास पैरों तले मसली जाएगी. यह लेख सरदार भगत सिंह ने बलवंत सिंह के छद्म नाम से लिखा गया था. वो कॉन्ग्रेस की ताकतें ही थीं, जिसने वीर सावरकर को महात्मा गाँधी की हत्या में फँसाने की साजिश रची। जबकि वीर सावरकर का स्पष्ट मानना था कि अराजकतावादी गतिविधियों का सहारा लेना विदेशी शत्रु के खिलाफ तो ठीक है, लेकिन अपने ही देश के लोगों के खिलाफ ये रास्ता नहीं आजमाया जा सकता। जिस राष्ट्र के लिए उन्होंने जीवन खपा दिया, उसी देश में उन्हें जेल में ठूँस दिया गया। पहले अंग्रेजों से यातनाएँ मिलीं, फिर नेहरू सरकार में प्रताड़ना। वीर सावरकर इन चीजों से काफी टूट गए थे। उदय माहुरकर ने एक बार बड़ी बात लिखी है कि बाबासाहब भीमराव आंबेडकर ने सावरकर के वकील और हिन्दू महासभा के नेता भपोतकर से दिल्ली में गुप्त मुलाकात कर के कहा था कि उन्हें लगता है कि सावरकर के खिलाफ केस कमजोर है और वो बरी होंगे। उन्होंने मजबूती से मुकदमा लड़ने को प्रेरित किया। आंबेडकर 2 बार अदालत में भी सुनवाई के दौरान पहुँचे, एक बार अपनी पत्नी के साथ। अब बताइए, क्या राहुल गाँधी कभी वीर सावरकर बन सकते हैं ऐसा व्यक्ति, जिनसे सुभाष चंद्र बोस सलाह लें। ऐसा व्यक्ति, जिनसे भगत सिंह प्रेरणा लें। ऐसा व्यक्ति, जिनकी सुनवाई में आंबेडकर अपनी पत्नी के साथ पहुँचें। एक ऐसे व्यक्ति, जिनके साथ महात्मा गाँधी वैचारिक बहस करते हों। एक ऐसे व्यक्ति, जिनसे जवाहरलाल नेहरू को प्रधानमंत्री रहते इतना डर लगता है कि उनकी पेंशन रोक देते हैं, उन्हें जेल में डाल दिया जाता है।ज्ञात हो कि चित्रगुप्त ने लाइफ ऑफ बैरिस्टर सावरकर नामक एक किताब लिखी थी, जिसे के लोग पढ़ते थे। हमें ये भी विदित है कि किस तरह महात्मा गाँधी और जवाहरलाल नेहरू जैसे नेताओं ने राजगुरु, भगत सिंह और सुखदेव को बचाने की चेहता नहीं की। जब क्रूर अंग्रेजों ने इन तीनों वीरों को फाँसी पर लटका दिया, तब सावरकर के रत्नागिरी स्थित आवास पर युवा बलिदानियों की याद में काला झंडा लगाया गया था। इससे पहले एक भगवा झंडा उनके घर की पहचान हुआ करता था। वीर स्वरकार ने तीनों बलिदानियों के लिए एक कविता भी लिखी, जो महाराष्ट्र में काफी लोकप्रिय हुआ। 4 महीने बाद श्रद्धानन्द पत्रिका में उन्होंने एक लेख के जरिए इन बलिदानियों को याद किया। आज अक्सर वीर सावरकर को मुस्लिमों से घृणा करने वाला बताया जाता है और कॉन्ग्रेस पार्टी को लगता है कि उन्हें गाली देकर पार्टी को मुस्लिमों के वोट मिल जाएँगे। सबसे बड़ी बात तो ये कि महाराष्ट्र में पार्टी की यूनिट ये सब बर्दाश्त करती है, चाटुकारिता के कारण कोई नेता आवाज नहीं उठाता।

## कविता

### चलो थोडा मुस्कुराते है

चलो थोडा मुस्कुराते है
इस दवा को आजमाते है.

कठिनाई में खिलखिलाते है,
मुसीबत में भी मुस्कुराते हैं।

जिसकी आदत है मुस्कुराना,
वो ही जमाने को झुकाते है।

मायुसी विषाद की जड़ होती है,
उदासी को मुस्कुराहट से मिटाते है।

मुस्कुराना औषधि है बेहतरीन,
चलो दवा को भी आजमाते है।

खरीदी न बेचीं जाती मुस्कुराहट,
अनमोल है ये चलो मुस्कुराते है।

बेहतरी के नाम मुस्कुराते है,
सुनहरे कल के लिए मुस्कुरातें है।

संजीव ठाकुर

# किसानों की चिंताएं दूर होनी चाहिए

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**पिछले** दिनों से उत्तर भारत के कई राज्यों में हुई बेमौसमी बरसात से किसानों की माथे पर चिंता की गहरी लकीरें खींच दी है। किसान अनाज खलिहानों से निकालकर मंडी ले जाने की तैयारी में है। दूसरी ओर जो फसल मंडियों तक पहुंची थी, वह बारिश से भीग गयी। प्रकृति की मार ने किसानों की आशाओं और उम्मीदों पर पानी फेरने का काम किया है। वास्तव में, पिछले कुछ वर्षों में ग्लोबल वार्मिंग से जो तापमान वृद्धि हुई है, उससे मौसम के मिजाज में तीव्र परिवर्तन आया है। कुल मिलाकर हमारी खाद्य श्रृंखला पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। बारिश की आवृत्ति, उसके समय और गुणवत्ता में बदलाव आया है। बारिश तेज होती है और कम समय के लिये होती है। पिछले दिनों अचानक तापमान में समय से पहले हुई वृद्धि को गेहूं की फसल के लिये नुकसानदायक माना जा रहा था। पिछले साल भी ऐसा ही हुआ था कि समय से पहले तापमान वृद्धि से भरी-पूरी फसल के बावजूद गेहूं का दाना छोटा रह गया था। जिससे उत्पादकता में कमी आई और किसान को नुकसान उठाना पड़ा। ऐसे में जब बारिश हुई तो कयास लगाये जा रहे थे कि तापमान में कमी आना गेहूं की फसल के लिये लाभदायक रहेगा। लेकिन तेज बारिश ने किसानों के अरमान पर पानी फेर दिया है। किसान व हरियाणा में नेता विपक्ष मांग कर रहे हैं कि फसलों को हुए नुकसान का आकलन करके तुरंत किसानों को राहत राशि दी जाये। निस्संदेह, यह वक्त की जरूरत भी है। पिछले दिनों देश के विभिन्न भागों में किसान आलू-प्याज की भरपूर फसल होने के बावजूद कीमतों में आयी गिरावट का त्रास झेल रहे थे। कहीं सड़कों पर आलू बिखेरने व आलू की फसल पर ट्रेक्टर चलाने की खबरें आ रही थीं तो नासिक में प्याज उत्पादकों के आंदोलन की सुगबुगहाट थी। वहीं किसान संगठन भी अपनी पिछली मांगों पर केंद्र का सकारात्मक प्रतिसाद न मिलने के बाद दिल्ली में फिर एकजुट हुए हैं। बहरहाल, बारिश के चलते फसलों को होने वाले नुकसान ने किसानों की मुसीबतें और बढ़ा दी हैं। ऐसा नहीं है कि किसान केवल बेमौसम बारिश से ही परेशान है। उसकी तमाम दूसरे मुद्दे और समस्याएं भी हैं जिनका निराकरण होना जरूरी है। तीन कृषि कानूनों की वापसी के बाद से खेती-किसानी के मुद्दों पर लगातार बहस हो रही है। पिछले दिनों किसानों की महापंचायत भी हुई और केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर के साथ बातचीत भी हुई, लेकिन नतीजा ह्यशून्यह्न रहा। किसानों की उम्मीद भी ह्यशून्यह्न बताई जा रही है। बीती जुलाई में जो कमेटी गठित की गई थी, उसकी बैठक भी संयोगवश बुलाई गई थी। फिलहाल कमेटी ने 18 राज्यों से पूछा है कि किसानों की स्थिति क्या है? 19 विश्वविद्यालयों से सुझाव मांगे हैं कि किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कैसे तय किया जा सकता है, जो उसे लाभकारी साबित हो? एमएसपी को कानूनी दर्जा देने पर अभी तक न तो विमर्श किया गया है और न ही यह कमेटी के एजेंडे में शामिल है।

## विचार

# मानहानि में सजा से संसद सदस्यता जाने तक राहुल गांधी!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

**मानहानि** के केस में निचली अदालत से सजा होने को आधार बनाकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता अत्यधिक तत्परता दिखाते हुए रद्द कर दी गई है। लोकसभा सचिवालय की तरफ से इसका आदेश भी जारी कर दिया गया है। राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत ने मानहानि के मुकदमे में दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा सुनाई है। राहुल गांधी पर सन 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान 'मोदी ' शब्द पर विवादित टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया था। जिसे लेकर राहुल गांधी के विरुद्ध गुजरात के भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने मानहानि का मुकदमा दायर किया था। जिसमे अदालत ने उन्हें दोषी करार देते हुए 2 साल की सजा सुनाई है।लोक प्रतिनिधित्व नियम के अनुसार, अगर किसी सांसद या विधायक को दो साल या इससे अधिक की सजा होती है तो उसकी सदस्यता चली जाती है यानि वह सदन में अयोग्य हो जाता है। राहुल गांधी के साथ भी ऐसा ही हुआ। लोक-प्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 8(3) के तहत अगर किसी नेता को दो साल या इससे ज्यादा की सजा सुनाई जाती है तो उसे सजा होने के दिन से उसकी अवधि पूरी होने के बाद आगे छह वर्षों तक चुनाव लड़ने पर रोक का प्रावधान है। अगर कोई विधायक या सांसद है तो सजा होने पर वह अयोग्य ठहरा दिया जाता है। उसे अपनी विधायकी या सांसदी छोड़नी पड़ती है। इसी नियम के तहत राहुल की सदस्यता चली गई। सूरत की जिस अदालत ने राहुल को सजा सुनाई है, उस अदालत ने राहुल गांधी को फैसले के खिलाफ सेशंस कोर्ट में याचिका दायर करने के लिए एक महीने का समय दिया है। तब तक राहुल गांधी की सजा पर रोक है, मतलब वह इस दौरान जेल जाने से बचे रहेंगे।सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के अनुसार, ऐसे मामलों में सजा निलंबित होने का मतलब दोषी को केवल जेल जाने से राहत मिलती है लेकिन सजा के अन्य असर प्रभावी रहेंगे। जैसे कि अगर कोई संसद या विधानसभा का सदस्य है तो उसकी सदस्यता चली जाएगी, वोट देने का अधिकार भी खत्म हो जाएगा। चूंकि कोर्ट ने राहुल को दोषी करार कर दिया है। इसलिए नियम के अनुसार राहुल की सदस्यता चली गई है। हालांकि जिस न्यायालय ने सजा सुनाई है,जब उसी ने सजा को अपील समय तक यानि एक माह तक के लिए सजा को निलंबित किया है तो संसद सदस्यता समाप्त करने के लिए भी एक माह का इंतजार किया जा सकता था,जो संसद ने नही किया और उनकी सदस्यता समाप्त कर दी।
अब राहुल गांधी के पास केवल दो विकल्प है। चूंकि राहुल गांधी को सजा सुनाने वाली सूरत की अदालत ने उन्हें एक महीने का समय अपील के लिए दिया है। इस एक महीने के अंदर राहुल गांधी को उक्त कोर्ट के फैसले के खिलाफ सेशंस कोर्ट में अपील दायर करनी होगी ,इसके बाद सेशंस कोर्ट के फैसले पर राहुल गांधी का भविष्य निर्भर होगा।
चूंकि राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म कर दी गई है। ऐसे में अगर वह अपनी सदस्यता वापस हासिल करना चाहते हैं तो उन्हें हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट का रूख भी करना पड़ेगा।
अगर राहुल गांधी सेशंस कोर्ट जाते हैं और वहां से उन्हें राहत मिलती है तो वह जेल जाने से बच सकते हैं। इसके अलावा उनपर चुनाव न लड़ पाने का छह साल का प्रतिबंध भी लग जाएगा।आमतौर पर अदालतें जब किसी व्यक्ति को सजा सुनाती हैं और अगर सजा मामूली है और संज्ञेय अपराध नहीं है तो उसको अगली शीर्ष अदालत में अपील के लिए जो समय दे दिया जाता हैं, उस अवधि के लिए उसके द्वारा तय जमानत राशि देने पर जमानत दे दी जाती हैं।जब अदालत को जमानत राशि तय करनी होती है तो वह कई बातों पर विचार करती है।जैसे अपराध या सजा की स्थिति की कितनी गंभीर है। वही जिसे जमानत दी जा रही है, उसकी स्थिति क्या है. उसके लिए कितनी जमानत की राशि उपयुक्त रहेगी।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## पूजा-पाठ

# मां कालरात्रि करती हैं भक्तों को भयमुक्त

**डॉ घनश्याम बादल**

**चैत्र** नवरात्रि के सातवें दिन मां दुर्गा के कालरात्रि रूप की पूजा की जाती है। मां दुगार्जी का सप्तम् स्वरूप मां कालरात्रि देवी का है । मान्यता है कि सातवां दिन नवरात्रि के दिनों में बहुत महत्त्वपूर्ण होता है। कहा जाता है कि मां कालरात्रि की पूजा करने से काल का नाश होता है। मां के इस स्वरूप को वीरता और साहस का प्रतीक माना जाता है।ऐसी मान्यता है कि मां कालरात्रि की कृपा से भक्त हमेशा भयमुक्त रहता है, उसे अग्नि, जल, शत्रु आदि किसी का भी भय नहीं होता।

**मां कालरात्रि का स्वरूप**

मां कालरात्रि के बारे में कहा गया है कि देवी माता अत्यंत दयालु-कृपालु हैं। कालरात्रि सर्वत्र विजय दिलाने वाली, मन एवं मस्तिष्क के समस्त विकारों को दूर करने वाली हैं तथा मां दुर्गा की सातवीं शक्ति तथा कालरात्रि के नाम से जानी जाती है इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। मां कालरात्रि का रूप भयानक है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं और गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। अंधकारमय स्थितियों का विनाश करने वाली शक्ति हैं कालरात्रि। कालरात्रि देवी के तीन नेत्र हैं तथा तीनों नेत्र ब्रह्मांड के समान गोल हैं। इनकी सांसों से अग्नि निकलती रहती है। ये गर्दभ की सवारी करती हैं। ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ की वर मुद्रा भक्तों को वर देती है। दाहिनी ही तरफ का नीचे वाला हाथ अभय मुद्रा में है। बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में लोहे का कांटा तथा नीचे वाले हाथ में खड्ग है। इनका रूप भले ही भयंकर हो पर यें सदैव शुभ फल देने वाली मां हैं। इसीलिए ये शुभंकरी कहलाती हैं । इनसे भक्तों को किसी भी प्रकार से भयभीत होने कीआवश्यकता नहीं अपितु उनके साक्षात्कार से भक्त पुण्य का भागी बनता है। कालरात्रि की उपासना करने से ब्रह्मांड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुल जाते हैं औरआसुरी शक्तियां नाम उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भाग जाती हैं। यें ग्रह बाधाओं को भी दूर करती हैं और अग्नि, जल, जंतु, शत्रु और रात्रि भय दूर हो जाते हैं।

**कालरात्रि की पौराणिक कथा**

एक पौराणिक कथा के अनुसार, रक्तबीज नाम के राक्षस से मनुष्य के साथ देवता बहुत त्रस्त व परेशान थे।

# पानी दा रंग देख के

**डॉ. सुरेश कुमार**

**हमारे** गांव में पानी के लिए सिर्फ एक कुँआ था इसलिए मुझे कई शादियाँ करनी पड़ीं। आप पूछेंगे कि कुँओं का शादियों से क्या क्या लेना देना? बात यूँ है कि मेरी शादी मेरी नौकरी देखकर हुई थी। मैं शहर में रहकर कमाता था। जब गांव में पानी नहीं होगा तो आदमी जीने के लिए शहर ही दौड़ता है। एक समय था जब कहा जाता था कि गीदड़ की मौत आने पर वह शहर की दौड़ता है, लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब गीदड़ जीने के लिए शहर की ओर दौड़ते हैं। इसका मतलब यह नहीं कि एक ही परिवार के सभी गीदड़ शहर जाकर जी जायेंगे। परिवार के सभी लोग शहर की ओर दौडेंगे तब शहर भी कब्रिस्तान से लगेंगे। अंतर केवल इतना होगा कि वह जिंदा लोगों का कब्रिस्तान होगा। मैं यहाँ से पैसा भेजता और वहाँ मेरी पत्नी सर पर दो-दो झ तीन-तीन घड़े पानी भर-भरकर दिन में तीन से चार बार कुँए से घर के चक्कर लगाती। आपको लगता होगा कि वह बड़ी साहस और बहादुरी करती थी। दुर्भाग्य से दुनिया में इस तरह की कोई प्रतियोगिता नहीं होती है। यदि होती तब अवश्य हम दुनिया में सबसे ज्यादा मेडल जीतने वाले नंबर एक देश बन जाते। और प्रतियोगिता में हमारे सिवाय कोई नहीं होता।
मैं भी कहाँ की लेकर बैठ गया। मेरी पत्नी को इस बहादुरी और हैरतंगेज करतब के लिए वरदान के रूप में उपहार के रूप में मौत मिली।
हम गाँव वाले जल्दी से समझौता कर लेते हैं।
मैने पहली पत्नी की मौत के बाद दूसरी शादी कर ली। दहेज में कुछ नही लिया बस एक वादा करवा लिया की वह हमारा कहा मानेगी। इसकी गारंटी अग्नि के साथ फेरे लेते समय और अधिक सुनिश्चित करवा ली। कुछ साल के बाद मेरी दूसरी पत्नी पानी भरते भरते कमजोर पड़ गई। उसका हाथ बटाने के लिए तीसरी शादी कर ली। कहते हैं सौतानो के बीच कभी नहीं जमती। किंतु यहाँ पानी की मजबूरी ने दोनो के संबंध मधुर कर दिए। पानी का कोई रंग नहीं होता, लेकिन संबंधों के रंग बदलकर रख देता है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 28 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

## 'उप्र में नियंत्रण में है कोविड संक्रमण'

### मुख्यमंत्री ने सभी जिलों में कोविड डेडिकेटेड हॉस्पिटल बनाने के दिए निर्देश, इन्फ्लूएंजा और कोविड मरीजों को मिले तत्काल इलाजः मुख्यमंत्री

**दिशा-निर्देश जारी**

**टीम-09 के साथ प्रदेश के सभी जिलों में इन्फ्लूएंजा और कोविड मरीजों के लिए डेडिकेटेड अस्पताल स्थापित करने के निर्देश दिए**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश में कोविड-19 और इन्फ्लुएंजा की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने टीम-09 के साथ उच्च-स्तरीय बैठक के दौरान प्रदेश के सभी जिलों में इन्फ्लूएंजा और कोविड मरीजों के लिए डेडिकेटेड अस्पताल स्थापित करने के निर्देश दिए। बैठक में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक संबंधी तैयारी, टीकाकरण अभियान की स्थिति, कोविड-19 के नए वेरिएंट और इन्फ्लुएंजा के वेरिएंट का संक्रमण से बचाव और आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा के सम्बंध में अन्य निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पिछले सात दिनों में प्रदेश में लगभग दो लाख 20 हजार टेस्ट किए गए और 265 कोविड पॉजिटिव मरीज पाए गए। प्रदेश में प्रति 10 लाख की आबादी पर एक कोविड पॉजिटिव मरीज है। वर्तमान में 262 एक्टिव केस हैं और किसी की स्थिति गंभीर नहीं है। सभी घर पर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। वर्तमान में देश में किए जा रहे कुल कोविड टेस्ट का 35-40 प्रतिशत टेस्ट उत्तर प्रदेश में हो रहा है। सतर्कता और सुरक्षा के दृष्टिगत इसे और बढ़ाए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बीते सप्ताह के परिणाम बताते हैं कि लखनऊ, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में सर्वाधिक केस मिले हैं। यहां विशेष सतर्कता की आवश्यकता है। लखीमपुर के एक विद्यालय में पॉजिटिव पाई गई सभी लोगों की स्थिति ठीक है। सभी को क्वारेन्टीन किया गया है। इनके स्वास्थ्य की सतत निगरानी की जाए। उत्तर प्रदेश कोविड टीकाकवर से सुरक्षित है। सर्वाधिक टीकाकरण उत्तर प्रदेश में हुआ है। ऐसे में किसी बड़े खतरे की आशंका न्यून है। आगामी दिनों के मंदिरों व अन्य धर्मस्थलों में लोगों का आवागमन बढ़ेगा। ऐसे में संक्रमण प्रसार की संभावना हो सकती है। ऐसे में गंभीर रोग से ग्रस्त, वृद्धजन भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आवागमन से यथासंभव बचने का प्रयास करें। यदि जाएं तो मास्क लगाकर ही जाएं। इस संबंध में लोगों को जागरूक किया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए।

### कानपुर में कोरोना को लेकर अलर्ट जारी

**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**
**जिले** में 48 घंटे के भीतर कोरोना संक्रमित के तीन मरीज मिले हैं। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आलोक रंजन ने सभी अस्पतालों को अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही कोविड गाइडलाइन का पालन करने के लिए अपील किया है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने सोमवार को बताया कि शनिवार को एक महिला कैदी समेत दो संक्रमित पाए गए थे। कैंसर से पीड़ित रोगी को कोविड संक्रमण की पुष्टि हुई है, जिसे दिल्ली स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो मरीजों में एक महिला कैदी और दूसरी बर्रा विश्व बैंक निवासी बुजुर्ग महिला में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। कोरोना संक्रमण बढ़ते ही पूर्व में जारी की गई गाइड लाइन का पालन करने के लिए नगर के सभी सरकारी अस्पतालों को अलर्ट जारी किया गया है। जिसमें वहां चिकित्सकों से अपील की गई है कि वह कोरोना की गाइड लाइन का पालन करते हुए आम जनता से भी सावधान रहने की सलाह देते रहें।

## उत्तराखंड को ई-विधानसभा बनाने की पहल

**बैठक**

**उत्तराखंड विधानसभा को गोवा और हिमाचल की तर्ज पर ई विधानसभा बनाने को लेकर चर्चा हुई**

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**देहरादून** विधानसभा भवन में विधानसभा अध्यक्ष ने उत्तराखंड विधानसभा को ई-विधानसभा बनाने को लेकर सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में सूचना एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी के अधिकारियों सहित विधानसभा के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में उत्तराखंड विधानसभा को गोवा और हिमाचल की तर्ज पर ई विधानसभा बनाने को लेकर चर्चा हुई। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा की दूरसंचार के उपयोग से समय और श्रम की बचत होती है। इलेक्ट्रॉनिक फोरम के माध्यम से ई-विधानसभा का उपयोग करके अधिक संख्या में लोगों को समावेश करना आसान होता है। विधायकों के अलावा आम जनता भी इस प्रक्रिया में भाग ले सकती है और अपनी राय रख सकती है। उन्होंने कहा की ई-विधानसभा बनाने से कागजों की बचत होगी। विधानसभा कार्यों में बहुत से दस्तावेजों का उपयोग किया जाता है, जिनका काफी खर्चा आता है। लेकिन ई-विधानसभा के माध्यम से ये दस्तावेज इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध हो सकते हैं, जिससे कागजों की बचत होती है।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मां कालिका मंदिर में दर्शन कर समृद्धि की कामना की।

## खुद को लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं से ऊपर समझते हैं राहुलः शेखावत

**टीम एक्शन इंडिया/जोधपुर**
**केन्द्रीय** जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी और उनका परिवार स्वयं को इस देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं से ऊपर समझने लगे हैं। इसलिए वे न्यायपालिका के फैसले का भी सम्मान नहीं कर रहे हैं। गांधी और कांग्रेस में उनके नेताओं को लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजाक उड़ाने के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री शेखावत संयुक्त राष्ट्र में विश्व जल सम्मेलन से लौटने के बाद सोमवार को यहां पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी को जब से मानहानि के प्रकरण में सजा मिली है और उसके बाद जनप्रतिनिधि कानून के प्रावधानों के चलते लोकसभा से उनकी सदस्यता समाप्त हुई, तब से वे और उनकी पार्टी के नेता अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। यहां तक कि कई नेता न्यायपालिका और संसद पर ही टिप्पणियां करके ऐसा जता रहे हैं,




मानो गांधी परिवार इस देश के संविधान, न्यायपालिका और अन्य सभी व्यवस्थाओं से ऊपर हैं।

**पहली गलती से नहीं लिया सबकः** शेखावत ने कहा कि राहुल गांधी आदतन अपराधी की तरह काम कर रहे हैं। जब वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट से फटकार लगी उसके बाद भी वे अनर्गल आरोप लगाते रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में माफी मंगाने के बाद उन्होंने अपने आपको बचाया था, लेकिन उन्हें याद करना होगा कि सुप्रीम कोर्ट ने उस समय कहा था कि वे भविष्य में इस तरह की गलती नहीं करें। ऐसा यदि एक ही बार हुआ होता तो शायद देश उन्हें माफ कर सकता था, लेकिन हर बार वे बड़ी गलती करते हैं।

**अदालत ने दिया था माफी मांगने का मौकाः** केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि इस मामले में न्यायालय ने सजा सुनाने से पहले उन्हें माफी मांगने का मौका दिया था, लेकिन वे अहंकार में इतना डूबे थे कि उन्होंने माफी मांगना भी अपना अपमान समझा। न्यायालय के माफी मांगने के लिए दिए गए मौके का उन्होंने अनादर किया।

### 'राहुल ने किया ओबीसी वर्ग का अपमान'

**राहुल** ने देश के प्रधानमंत्री को जाति सूचक अपमान भरे शब्दों से संबोधित किया। साथ ही, पूरे समाज को लेकर टिप्पणी की, जिससे देश का पूरा ओबीसी वर्ग आहत हुआ है। इसी आहत भावना के चलते जो वाद दायर किया था, उसका भाजपा और भाजपा सरकार से कोई लेना-देना नहीं था। मामला 2018 से चल रहा था, लेकिन मामले में राहुल गांधी ने अपना पक्ष ठीक से नहीं रखा। अदालत ने माफी का अवसर दिया था, वह भी नहीं मांगी।

**लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का अपमान कर रही कांग्रेसः** शेखावत ने कहा कि अब इस फैसले के बाद कांग्रेस नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अमर्यादित बातें कही जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मोहर लगाई है कि किसी भी सांसद को दो साल या इससे अधिक की सजा मिलने पर उसकी सदस्यता स्वतः ही खत्म हो जाएगी।

## हिमाचल प्रदेश काडर के परिवीक्षाधीन आईपीएस अधिकारियों ने की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**
सोमवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे हिमाचल प्रदेश काडर के परिवीक्षाधीन आईपीएस अधिकारियों ने हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय में विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी। इन अधिकारियों में अदिति, मेरठ, उत्तर प्रदेश, साई दत्तात्रेय वर्मा, आन्ध्र प्रदेश, सचिन, कर्नाटका तथा ब्युम बिन्दल, हिमाचल प्रदेश शामिल थे। इस अवसर पर रमेश छाजटा, पुलिस अधीक्षक, पुलिस मुख्यालय शिमला भी मौजूद थे।मुलाकात के दौरान इन अधिकारियों ने विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से विधान सभा की कार्यप्रणाली तथा क्रियाकलापों की जानकारी हासिल की तथा बजट सत्र के बारे भी जाना।

## 'उत्तराखंड में खालिस्तानी आतंकवादियों का कोई आधार नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**उत्तराखंड** में हो रहे जी-20 सम्मेलन की दृष्टि से लोगों को आतंकित करने के लिए प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के गुणवंत सिंह पन्नू के रिकार्डेड संदेश के बाबत डीआईजी एसटीएफ ने कहा कि उत्तराखंड में सिख फॉर जस्टिस का कोई आधार नहीं है। उन्होंने बताया कि पन्नू ने मुख्यमंत्री समेत कई अधिकारियों को भेजे गए हैं। पन्नू ने सीएम को धमकी देते हुए कहा है कि उनके संगठनों के लोगों पर मुकदमे दर्ज हुए तो इसके लिए वे जिम्मेदार होंगे। इस संबंध में सोमवार को मीडिया से बातचीत में डीआईजी एसटीएफ सेंथिल अबुदई




कृष्णराज एस ने कहा कि यूएपीए (गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम कानून) के तहत जुलाई 2020 में पन्नू को आतंकी घोषित किया गया है। पन्नू अमेरिका में रहता है और न्यूयार्क में वकालत करता है। उसे सिख फॉर जस्टिस का प्रमुख माना जाता है। पन्नू की ओर से रिकार्डेड संदेश कई विशिष्टजनों को मिला है, जिसमें मीडिया के कुछ आम लोग भी शामिल हैं। यह रिकार्डेड संदेश जी-20 सम्मेलन को देखते हुए सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए सबको भेजा गया है।

**पन्नू की धमकी**

**पन्नू ने सीएम को धमकी देते हुए कहा है कि उनके संगठनों के लोगों पर मुकदमे दर्ज हुए तो इसके लिए वे जिम्मेदार होंगे**

डीआईजी एसटीएफ ने कहा है कि हम उनके मंसूबों को सफल नहीं होने देंगे। ऐसे भी उत्तराखंड में सिख फॉर जस्टिस यानी खालिस्तानी आतंकवादियों का कोई आधार नहीं है। इसके लिए हमारे अधिकारियों ने रामनगर में हो रहे जी-20 सम्मेलन कार्यक्रम की दृष्टि से ऊधमसिंह नगर और रामनगर में लोगों को जागरूक किया है।





## घरों में दौड़ा हाई वोल्टेज करंट, मजदूर की मौत

**मीरजापुरः** अदलहाट थाना क्षेत्र के विसौरा खुर्द गांव में लगे ट्रान्सफार्मर पर सोमवार को 11 हजार बोल्ट का तार गिरने से कई घरों में करंट दौड़ गया। हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई और आठ झुलस गए। ग्रामीणों की सूचना पर विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई। विसौरा खुर्द ग्राम निवासी मुकेश कुमार (47) घर पर विद्युत बोर्ड में मोबाइल चार्ज में लगा रहे थे। इसी दौरान वह हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गए। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मुकेश मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।

## 'गुरु- चेला हैं दिग्विजय सिंह और राहुल गांधी'

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी की सांसदी निरस्त होने के बाद उस पर सियासी घमासान जारी है। कांग्रेस लगातार हमलावर बनी हुई है और विरोध प्रदर्शन कर रही है। वहीं भाजपा नेता भी बयानबाजी में पीछे नहीं है। इसी क्रम में राहुल गांधी और दिग्विजय सिंह द्वारा पत्रकारों पर नाराज होने के मामले पर मप्र के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने निशाना साधा है। उन्होंने राहुल गांधी और दिग्विजय सिंह को गुरु चेला बताते हुए कहा कि गुरु को तो आगे निकलना ही था। गृहमंत्री डॉ मिश्रा ने सोमवार को



मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि दिग्विजय और राहुल गांधी गुरु चेला हैं, राहुल ने दिल्ली में और दिग्विजय सिंह ने ग्वालियर में मीडिया का अपमान किया। कुछ नहीं मिलता तो गोदी मीडिया कहने लगते हैं। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी का समय देख लो, इमरजेंसी से लेकर अब तक कांग्रेस मीडिया का अपमान करती आई है। उन्होंने किसानों को मुआवजे न देने के कांग्रेस के आरोप पर कहा दिग्विजय सिंह, कमलनाथ किसानों का हाल जानने खेतों में नहीं गए।

**तंज कसा**

**राहुल गांधी और दिग्विजय सिंह को गुरु चेला बताते हुए कहा कि गुरु को तो आगे निकलना ही था**

**जवाब दिया** राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल के लिए 9 विधानसभा हलकों में जमीन शिक्षा विभाग के नाम पंजीकृत

## बंद नहीं होगी प्रधानमंत्री के नाम चल रही योजनाएं

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
**हिमाचल** प्रदेश में किसी भी पूर्व प्रधानमंत्री के नाम चल रही योजनाएं बंद नहीं होगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान भाजपा सदस्य विनोद कुमार और लोकेंद्र कुमार के जवाब में कहा कि सरकारें आना और जाना एक सतत प्रक्रिया है और मौजूदा सरकार सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों के नाम से चल रही योजनाओं का सम्मान करती है। सुक्खू ने कहा कि उनकी सरकार के मन में अटल बिहारी वाजपेयी सहित सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों के लिए बहुत आदर और सम्मान है और उनके



नाम से शुरू की गई सभी योजनाएं जारी रहेंगी। वे इसका जिक्र बजट पर हुई चर्चा के जवाब में भी कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्व भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई अटल आदर्श विद्यालय योजना के तहत बनाए गए स्कूलों के भविष्य के बारे में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर द्वारा जताई गई आशंका को निराधार करार दिया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल योजना के तहत स्कूल एसडीएम कार्यालय के 3-4 किमी की परिधि में खोले जाएंगे और इस क्षेत्र में पड? वाले सभी प्राइमरी स्कूलों के विद्यार्थियों में इनमें शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में खेल मैदान सहित अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। जहां पानी की व्यवस्था होगीए वहां स्वीमिंग पूल भी बनाए जाएंगे। सुक्खू ने कहा कि सरकार प्राइमरी स्कूल के प्रत्येक बच्चे पर 36 हजार रुपए खर्च कर रही है। इससे पूर्व, मूल प्रश्न के उत्तर में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी डे बोर्डिंग के लिए भूमि का चयन कर लिया गया है।